कार्यालय प्राचार्य
शास मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

Ph.0761-2407326
Fax No.0761-4005716
Email-principal@gmhcollege.nic.in
Website:www.gmhcollege.org.in

जबलपुर दिनांक 22—07—2022

# आदेश

म.प्र शासन उ.शि.वि. के पत्र क 936/99/आउशि/शा—53अ/22 भोपाल दिनांक 13.07.2022 के परिपालन मे समस्त विभागाध्यक्षो को आदेशित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत विभागवार संगोष्ठी आयोजित की जाना है जिसकी सूची एवं प्रारूप, नियमावली संलग्न है। अतः शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जावें।

संलग्न — सूची एवं प्रारूप, नियमावली

प्राचार्य

परिशिष्ट — 01 (क)

## शास मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हेतु नियम

1. संगोष्ठी का आयोजन आवंटित विषय पर ही किया जावेगा। संगोष्ठी का विषय अपरिवर्तनीय है। आफलाईन मोड मे ही करना है
2. संगोष्ठी मे न्यूनतम 50 छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जावें। प्रत्येक संगोष्ठी संस्कार प्रेक्षागृह में आयोजित होंगी।
3. संगोष्ठी के पूर्व आयोजक विभाग द्वारा प्राचार्य से परिशिष्ट — 02 मे उल्लेखित बिंदुओ के अनुसार अनुमति ली जाना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक संगोष्ठी के अनुमति पश्चात् आयोजक विभाग द्वारा न्यूनतम 04 वक्ताओं का अनुमोदन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें वक्ता किसी राजनीतिक दल से संबंधित नही होना चाहिए। अनुमति पश्चात् अधिकतम 02 वक्ताओं हेतु आमंत्रण पत्र बनायें जावेगें एवं उनकी सहमति भी प्राप्त की जावेंगी। सहमति पत्र में वक्ता द्वारा दिये जाने वाले व्याख्यान का सार भी लिखा जावेगा। ( परिशिष्ट 3 (ख) )
5. वक्ताओं से सहमति प्राप्त होने के पश्चात् आयोजक विभाग द्वारा डिजीटल रूप से ब्रोशर बनाया जावेगा जिसे सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जावेगा।
6. आयोजक विभाग द्वारा पंजीयन पत्र (परिशिष्ट 4) मे उल्लेखित बिंदुओ के अनुसार प्रतिभागियों का पंजीयन कराया जावेगा एवं फीडबैक पत्रक (परिशिष्ट 5) में उल्लेखित बिंदुओ के अनुसार फीडबैक लिया जावेगा। प्रत्येक फीडबैक का विश्लेषण कर आगामी संगोष्ठियो हेतु सुधारात्मक सलाह भी प्रस्तुत की जावेंगी। यह दस्तावेज विभाग द्वारा संधारित किया जावेगा।
7. संगोष्ठी उपरांत आयोजक विभाग द्वारा **आयोजन दिनांक को ही सायः 05:00 बजे** तक (परिशिष्ट 6) गतिविधि की रिपोर्ट नोडल अधिकारी को vishwaschouhan.mppurc@gmail.com तथा अग्रणी महाविद्यालय को ईमेल द्वारा भेजा जाना अनिवार्य है।
8. संगोष्ठी हेतु व्यय की गई राशि का सम्पूर्ण विवरण, बिल एवं व्हाउचर की मूल प्रति विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित की जावेंगी। (परिशिष्ट 7)
9. आयोजन की प्रेस विज्ञाप्ति के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित प्रति के प्रकाशन के जवाबदारी आयोजक विभाग की होंगी। विज्ञाप्ति जारी होने के पश्चात् विज्ञाप्ति की पेपर कटिंग की स्कैन कॉपी vishwaschouhan.mppurc@gmail.com पर प्रेषित की जावें।
10. संगोष्ठी की न्यूनतम 02 जियो टैग फोटो तथा 02 फोटो जियो टैग के बिना ली जावें।

23.7.22
समिति प्रभारी

प्राचार्य

परिशिष्ट – 01 (ब)

## शास मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

### आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठी उपरांत समिति को जमा किये जाने वाले दस्तावेज

1. परिशिष्ट 01 (ग) –चैक लिस्ट
2. प्राचार्य द्वारा अनुमत अनुमति पत्रक
3. वक्ता को दिया गया आमंत्रण पत्र
4. वक्ता से प्राप्त सहमति पत्र
5. वक्ता के द्वारा भेजा गया व्याख्यान का सार
6. ब्रोशर की प्रति।
7. पंजीयन की संकलित जानकारी।
8. फीडबैक एनालिसिस रिपोर्ट एवं सुझाव।
9. अंतिम प्रतिवेदन।
10. नोडल अधिकारी को किये गये प्रेषित मेल की सेंट रिपोर्ट
11. संगोष्ठी की न्यूनतम 02 जियो टैग फोटो की रंगीन प्रति तथा समाचार पत्र मे प्रकाशित न्यूज की रंगीन प्रति।
12. व्यय का विस्तृत विवरण बिल एवं व्हाउचर (प्रत्येक बिल एवं व्हाउचर को विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य है। २

| क | आवंटित संगोष्ठी का शीर्षक | विभाग | माह |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नायक/बालिदानी | संसाधन एवं प्रबंधन | अगस्त 2022 |
| 2 | स्वतंत्रता का सघर्ष एवं उसका देश व्यापी स्वरूप | अंग्रेजी | सितम्बर 2022 |
| 3 | स्वतंत्रता आंदोलन मे समाज के सभी वर्गो (वैज्ञानिक/पत्रकारों/अधिवक्ताओं/महिलाओं आदि) की भागीदारी | भौतिकशास्त्र | अक्टूबर 2022 |
| 4 | स्वाधीनता के 75 वर्ष | प्राणीशास्त्र | जुलाई 2022 |
| 5 | स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष मे मेरे सपनों का भारत (भारत 2047) | वनस्पतिशास्त्र | नवम्बर 2022 |
| 6 | सृजनात्मक स्वतंत्रता की अवधारणा | हिंदी | दिसम्बर 2022 |
| 7 | एक भारत श्रेष्ठ भारत | रसायनशास्त्र | मई 2023 |
| 8 | भारत की एकात्मता एवं अखंड़ता | वस्त्र एवं तंतु | अप्रैल 2023 |
| 9 | स्वतंत्र भारत मे प्राचीन भारत की ज्ञान परंम्परा | गणित | जनवरी 2023 |
| 10 | शिक्षा मे स्वतंत्रता की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 | आहार एवं पोषण | फरवरी 2023 |
| 11 | स्वधीन भारत के नागरिक का कर्तव्य बोध | मानव विकास | मार्च 2023 |

23.7.22.
प्रभारी

प्राचार्य

परिशिष्ट – 02

शास मों.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर


आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हेतु आयोजक विभाग के लिए अनुमति पत्रक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | प्राणिशास्त्र एवं जैव तकनीक |
| 2 | संगोष्ठी का शीर्षक | स्वाधीनता के 75 वर्ष |
| 3 | आयोजन दिनांक एवं समय | 27.7.2022 12.00 बजे |
| 4 | आमंत्रित वक्ता विवरण (न्यूनतम 04 वक्ता प्रस्तावित किये जावें जिसमें से अधिकतम 02 पर प्राचार्य द्वारा अनुमति प्रदान की जावेंगी।) | |
| | (A) प्रथम वक्ता नाम | डा. मीनागुप्ता - |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | सेवानिवृत्त, प्राध्यापक हिन्दी विभाग |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | प्रखर वक्ता, शोधपत्र प्रकाशित सदस्य महाकौशल 'शक्ति' सामाजिक संस्था |
| | (B) द्वितीय वक्ता नाम | डा. अरुणा पाँडे - 9425363364 |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शास श्यामसुंदर महा.वि. सिहोरा |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | - प्रखर वक्ता<br>- पुस्तक लेखन कार्य<br>- शोध पत्र प्रकाशित, सामाजिक सेवा में भी |
| | (C) तृतीय वक्ता नाम | डा. इला घोष - 9893798772 |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | रिटायर्ड, प्राचार्य, शास तिलक महा.वि. कटनी |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | - प्रखर वक्ता<br>- शोध निर्देशक<br>- शोध पत्र प्रकाशित |
| | (D) चतुर्थ वक्ता नाम | डा. पंकज शुक्ला - 942431273[illegible] |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | सेवानिवृत्त, प्राचार्य |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | - प्रखर वक्ता<br>- नैक पीयर टीम की भूतपूर्व सदस्य<br>- |
| 5 | संगोष्ठी आयोजन हेतु चाही गई राशि | 3000/= 00 |
| | वक्ता का मानदेय (राशि 1000 रू प्रति वक्ता अधिकतम 2000 / रू) | Rs1000×2= 2000/= |
| | अन्य व्यय | Rs1000/=00 |

विभागाध्यक्ष

प्राणिशास्त्र विभाग

विभाग का नाम




# स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

## सहमति–पत्र

मैं डॉ. अरूणा पाण्डे, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग, शा. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर के प्राणीशास्त्र एवं जैवतकनीकी विभाग द्वारा दिनांक 27.07.2022 समय 12.00 बजे आयोजित एक दिवसीय सेमीनार में विषय **"स्वतंत्रता के 75 वर्ष"** पर व्याख्यान देने के लिए अपनी सहमति प्रदान करती हूं।

26.7.22

डॉ. अरूणा पाण्डे,
विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग,
शास. एस.एस. अग्रवाल
महाविद्यालय, सिहोरा

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक 3/37/22 जबलपुर, दिनांक 26.7.22

स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

आमंत्रण–पत्र

प्रति,
डॉ. अरूणा पाण्डे,
विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग,
शास. एस.एस. अग्रवाल महाविद्यालय, सिहोरा

माननीय,

शा. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर के प्राणीशास्त्र एवं जैवतकनीकी विभाग द्वारा दिनांक 27.07.2022 समय 12.00 बजे कक्ष क्र. 123 में एक दिवसीय सेमीनार विषय "स्वतंत्रता के 75 वर्ष" पर आप मुख्य वक्ता के रूप में सादर आमंत्रित हैं। आपने इस हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान कर हमें अनुग्रहीत किया है जिस हेतु हम आपके ह्रदय से आभारी हैं। आपकी उपस्थिति प्रातः 11.30 पर प्रार्थनीय हैं।

धन्यवाद।

प्रभारी विभागाध्यक्ष प्राचार्य

---

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

Ph.0761-2407326
Fax No.0761-4005716
Email-principal@gmhcollege.nic.in
Website:www.gmhcollege.org.in

जबलपुर दिनांक 26.07.22

प्रति
संपादक
दैनिक भास्कर
जबलपुर म.प्र

विषयः– महाविद्यालय मे दिनांक 27–07–2022 को आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी स्वाधीनता के 75 वर्ष कार्यक्रम के कवरेज हेतु।

विषयान्तर्गत महाविद्यालय मे 27–07–2022 को एक दिवसीय संगोष्ठी – **स्वाधीनता के 75 वर्ष कार्यक्रम** आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में **डॉ मीना गुप्ता एवं डॉ अरूणा पांडे** उपस्थित हो रही है। यह कार्यक्रम अपरान्हः 12:00 बजे से महाविद्यालय के कक्ष क 123 मे आयोजित होगा। अतः कार्यक्रम की कवरेज हेतु अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के प्रतिनिधि को भेजने की एवं रिपोर्ट प्रकाशित करने का कष्ट करें।

डॉ नंदिता सरकार
प्राचार्य

---

**...vernment M. H. College of Home Science & Science for Women, Autonomous, Jabalpur, M. P.**

Estd. 1954



...ाज़ादी का अमृत ...होत्सव

75th Inde...

# एक दिवसीय संगोष्ठी – स्वाधीनता के 75 वर्ष

## दिनांक 25-08-2022 समय 01:30

स्थान कक्ष क्रमांक→ 123

**संयोजक :- संसाधन प्रबंधन विभाग**

शास. मो.ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर

...hief Patron: - *Dr Leela Bhalavi*
...Additional Director)

Patron:- *Dr Nandita Sarkar*
*Principal : Govt MH College Jabalpur*

...onvenor: - *Dr Jyoti Jain*
...OD Department of Resource Management

*Guest Speaker*
***Dr. K. C. Jain***
*Retd. Professor*

*Guest Speaker*
***Prof. Anand Singh Rana***
*Janki Raman College, Jabalpur*

**Organizing Team:-**
- *Dr. Jyoti Jain*
- *Dr. Prabha Dwivedi*

कार्यालय प्राचार्य
शास. मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

Ph.0761 2407326

Email-principal@gmhcollege.nic.in
Website:www.gmhcollege.org.in

प्रति,

जबलपुर दिनांक 25.8.22

संपादक
दैनिक भास्कर / नवभारत / नईदुनिया
हरिभूमि / यशभारत / पत्रिका

विषय आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सेमीनार बाबत्।

महोदय

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत म.प्र शासन की निर्देशानुसार मासिक संगोष्ठी मे आज दिनांक 25–08–2022 समय अपरान्ह 01:30 बजे से विषय "स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नायक / बलिदानी" पर आयोजित की गई जिसमें स्वाधीनता संग्राम से जुडे जबलपुर के महत्वपूर्ण सेनानियो के संबध में विस्तृत प्रकाश डाला गया यह संगोष्ठी ऐसे लोगो को आदर व्यक्त करने हेतु आयोजित की जिन्होंने आजादी की लड़ाई मे अपना सर्वस्व निछावर कर दिया इस संगोष्ठी मे श्री के.सी जैन मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त जिम्बाम्वे एवं बौत्सवना सरकार दक्षिण अफीका एवं डॉ आनंद सिंह राणा, इतिहास जानकी रमण महाविद्यालय जबलपुर मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहें। श्री जैन ने जैन समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डाला लगभग 150 से अधिक जैन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जबलपुर जिले से जुडे हुऐ थे ऐसे अनेको सेनानियों के सर्वस्व निछावर से ही आजादी प्राप्त हुई। 1857 से प्रारंभ स्वतंत्रता संग्राम मे प्रथम बलिदान राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह का जिन्हे तोप से बॉधकर उड़ा दिया गया। रानी अवंती बाई पहली महिला बलिदानी नारी थी इसी क्रम मे रानी दुर्गावती अगस्त कांति मे सहभागी श्री गुलाबचंद पटेल रहे। 18 मार्च 1923 को झंडा सत्याग्रह के तहत टाउन हॉल मे सबसे पहले पहराया गया और इस संदर्भ मे सुभद्रा कुमारी चौहान आदि मे गिरफ्तारी दी । ऐसे अनेक इतिहास के बिंदुओ से डा राणा जी ने परिचय कराया। महाविद्यालय की प्राचार्य के निर्देशन मे यह संगोष्ठी आयोजित हो सकी। संसाधन प्रबंध विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति जैन द्वारा किया गया तथा डॉ प्रभा द्विवेदी एवं ...ओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में 125 छात्राओं () उपस्थित रहीं। डॉ प्रभा ने ... उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ "संघमित्रा" सरकार (डॉ.) किया गया।

(हस्ताक्षर)
डॉ ज्योति जैन
प्रभारी

(हस्ताक्षर)
डॉ नंदिता सरकार
प्राचार्य
PRINCIPAL
शास. मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान
महिला महाविद्यालय जबलपुर म.प्र
Govt. M.H. College of Home Sc. & Sc.
for Women, Jabalpur (M.P.)

---

परिशिष्ट – 02

शास. मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर
आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हे
आयोजक विभाग के लिए अनुमति पत्रक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | संसाधन प्रबंध विभाग |
| 2 | संगोष्ठी का शीर्षक | स्वतंत्रता संग्राम के स्थानीय नायक/बलिदानी |
| 3 | आयोजन दिनांक एवं समय | 25/8/22 अपरान्ह 1:30 से |
| 4 | आमंत्रित वक्ता विवरण (न्यूनतम 04 वक्ता प्रस्तावित किये जानें जिसमें से अधिकतम 02 पर प्राचार्य द्वारा अनुमति प्रदान की जावेंगी।) | |
| | (A) प्रथम वक्ता नाम | श्री के सी जैन |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | मुख्य अभियंता (रिटायर्ड) जिम्बाब्वे सरकार बोत्सवाना सरकार दक्षिण अफ्रीका – 963058 |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | "जबलपुर जैन समाज के स्वतंत्रता संग्राम एवं जैन समाज का जबलपुर विकास में योगदान" शोध पत्र प्रकाशन के आधार |
| | (B) द्वितीय वक्ता नाम | डॉ. आनंद सिंह राणा |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | प्राध्यापक इतिहास जानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर 8349796194 |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | इतिहास विषय के प्राध्यापक एवं स्थानीय नायकों एवं परनायकों पर विस्तृत अध्ययन एवं शोध लेखन के आधार पर |
| | (C) तृतीय वक्ता नाम | |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | |
| | (D) चतुर्थ वक्ता नाम | |
| | पदनाम / मो न / ईमेल | |
| | वक्ता की उपलब्धिया जिनके आधार पर उक्त संगोष्ठी हेतु वक्ता का चयन किया गया | |
| 5 | संगोष्ठी आयोजन हेतु चाही गई राशि | 2500/- |
| | वक्ता का मानदेय (राशि 1000 रू प्रति वक्ता अधिकतम 2000 / रू) | 2000/- |
| | अन्य व्यय | 500/- |

(हस्ताक्षर)
विभागाध्यक्ष

विभाग का नाम संसाधन प्रबंध विभाग

(हस्ताक्षर)

---

# शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास ,गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

## आज़ादी का अमृत महोत्सव
## संगोष्ठी
## विषय- सृजनात्मक स्वतंत्रता की अवधारणा

दिनांक – 14 सितंबर 2022 समय – दोप. 12:30 बजे

मुख्य अतिथि
प्रो. कपिल देव मिश्र
कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ( म.प्र. )





संरक्षक
डॉ. लीला भलावी
अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग
जबलपुर संभाग, जबलपुर ( म.प्र. )

अध्यक्ष
डॉ. नंदिता सरकार
प्राचार्य
शा.मो.ह.गृ.एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय ( स्वशासी ), जबलपुर

मुख्य वक्ता
डॉ. बालमुकुंद पाण्डे
संगठन मंत्री
अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली




विशिष्ट वक्ता
डॉ. अलकेश चतुर्वेदी
कुलसचिव, सांची विश्वविद्यालय
मध्य प्रदेश

समन्वयक
प्रो. राजेंद्र कुमार मिश्रा
विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी




संयोजक
प्रो. वेद प्रकाश नारंग
विभागाध्यक्ष, हिंदी

आयोजन समिति – डॉ. विनीता नंदा, डॉ. कादंबिनी मिश्र, डॉ. सारिका सिंघई, डॉ. दुर्गा मिश्र, शक्ति बबेले

## आयोजक - भाषा विभाग

(21)

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक : / /

जबलपुर,दिनांकः 14.09.22

## प्रेस विज्ञप्ति

प्रति,

संपादक महोदय जी,
दैनिक भास्कर/पत्रिका/नई दुनिया/हितवाद/हरिभूमि /दबंग दुनिया
यंग ब्लड/यश भारत

महोदय,

शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर में दिनांक 14.09.2022 को हिंदी दिवस के अवसर पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत "सृजनात्मक स्वतंत्रता की अवधारणा" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भाषा विभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार द्वारा की गई। इस अवसर पर संरक्षण डॉ लीला भलावी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा,जबलपुर–संभाग, का रहा। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संगठन मंत्री, इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली डॉ बालमुकुंद पाण्डे जी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को सृजनात्मक स्वतंत्रता के महत्व और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से बताते हुये कहा कि मॉ और मातृभूमि का कोई पर्याय नही होता है। गहन शोध व सर्वेक्षण के आधार पर भारतीय इतिहास का सत्यपरक व मुल चित्र आम जनता के सामने लाने हेतु आप लगातार इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं ताकि भारत के गौरवशाली इतिहास के अंनलिखित इतिहास की सत्यता को उजागर किया जा सके। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ अलकेश चतुर्वेदी कुलसचिव, सांची विश्वविद्यालय जी ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में कि वर्तमान शिक्षा पद्वति में सृजनात्मकता है जो राष्ट्र निर्माण को नयी दिशा देंगी। इस अवसर पर दोनो वक्ताओं ने हिंदी के महत्व और उसकी उपादेयता पर भी प्रकाश डाला । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो.कपिल देव मिश्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ,जबलपुर, म०प्र०,जी का शुभकामना संदेश महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। संगोष्ठी में लगभग 500 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय योगदान समन्वयक प्रो राजेंद्र मिश्र, संयोजक , प्रो वेद प्रकाश नारंग एवं आयोजन समिति डॉ विनीता नंदा, डॉ कादम्बिनी मिश्र, डॉ सारिका सिंघई, डॉ दुर्गा मिश्र और श्रीमती शक्ति शुक्ला का रहा। आभार प्रदर्शन आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की महाविद्यालय प्रभारी डॉ साधना केशरवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, छात्रायें एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

भाषा विभाग


प्राचार्य

R.K. Mishra
HOD, Deptt. of English
Govt. M.H. College of H. Sci. & Sci. for Women, Jabalpur (M.P.)

(7)

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठी में दिनांक 14 सितंबर 2022 को विषय ''सृजनात्मक स्वतंत्रता की आवधारण'' पर भाषा विभाग द्वारा संगोष्ठी आयोजि की गई जिसमें मुख्य अतिथ के रूप में प्रा. कपिल देव मिश्र, कुलपति, रा.दु.वि.वि., जबलपुर, मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकुन्द पाण्डे, संगठन मंत्री, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, विशिष्ठ वक्ता डॉत्र अलकेश चतुर्वेदी, कुल सचिव, सांची विश्वविद्यालय, म.प्र., संरक्षक डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, अध्यक्ष, डॉ. नंदिता सरकार, प्राचार्य, समन्वयक प्रो. राजेन्द्र कुमार मिश्रा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी संयोजक, प्रो. वेद प्रकाश नारंग, विभागाध्यक्ष हिन्दी द्वारा किया गया।

जिसमें कुल लगभग 306 छात्राओं ने पंजीयन किया एवं 196 छात्राओं द्वारा गूगल फॉर्म पर फीडबैक दिया गया जिसमें 43 छात्राओं द्वारा वक्ताओं को उत्कृष्ट, 44 छात्राओं द्वारा श्रेष्ठ, 86 छात्राओं द्वारा सर्वश्रेष्ठ तथा 22 छात्राओं द्वारा सामान्य प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।




## शास मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हेतु प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | वनस्पति शास्त्र एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग |
| 2 | संगोष्ठी का शीर्षक | स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष में मेरे सपनो का भारत (भारत- 2047) |
| 3 | आयोजन दिनांक एवं समय | 26-11-22 1:00 PM |
| 4 | आमंत्रित वक्ता विवरण | |
| | (A) प्रथम वक्ता नाम | डॉ आनंद सिंह राना |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग श्री जानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | प्राचीन काल से हमारे देश मे महिलाओं को अधिक महत्व और सम्मान दिया गया है। हम अगर ध्यान से अध्ययन करें तो जानेंगे कि हमारी संस्कृति प्राचीन काल से विकसित रही है। |
| | (B) द्वितीय वक्ता नाम | डॉ अखिलेश गुमास्ता |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | आर्थोपेडिक सर्जन एवं निर्देशक विराट एवं आदिशंकर अस्पताल |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | संस्कृत भाषा एक वैज्ञानिक भाषा है और हमें इसके महत्व को समझते हुए इसे सीखना चाहिए। अपने बच्चो को भी भारत की संस्कृति एवं रामायण की महत्वता पता होनी चाहिए। |
| 5 | कुल उपस्थिति | |
| | शैक्षणिक स्टाफ | 13 |
| | कार्यालयीन स्टाफ | 17 |
| | छात्राएं एस.सी | 08 |
| | एस.टी | 15 |
| | ओबीसी | 38 |
| | सामान्य | 16 |
| | कुल छात्राएं | 77 |
| 6 | संगोष्ठी का टेकहोम संदेश | - भारतीय इतिहास मे महिलाओं का स्तर<br>- विज्ञान और संस्कृति का समन्वय<br>- रामायण का अंग्रेजी अनुवाद उपलब्ध है। |
| 7 | संगोष्ठी से छात्राओं को लाभ | - भारत के इतिहास और संस्कृति का ज्ञान<br>- नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति के पीछे विज्ञान को जानें। |

विभागाध्यक्ष [signature]

Head of The Deptt.
Deptt. of Botany
Govt. Auto. M.H. College of
Home Sc. & Science
Jabalpur

विभाग का नाम वनस्पति शास्त्र एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग

[signature]
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान
महिला महाविद्यालय, जबलपुर

पीपुल्स समाचार    अपना जबलपुर    11

# आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित हुई संगोष्ठी



26-11-22 **स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष में मेरे सपनो का भारत (भारत 2047) पर संगोष्ठी**

वक्ता- डॉ. आनंद सिंह राना एवं डॉ. अखिलेश गुमास्ता

कार्यालय प्राचार्य,

शा. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक-3910 /2022    जबलपुर दिनांक, 26/11/2022

प्रति,

शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय,
जबलपुर, मध्य प्रदेश

**विषय- आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी के आयोजन की रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु ।**

शा. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर, वनस्पति शास्त्र एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा **अमृत महोत्सव (स्वतंत्रता के 75 वर्ष)** के अंतर्गत विषय **स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष में मेरे सपनो का भारत (भारत 2047)** पर दिनांक 26.11.2022 को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया | यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या **डॉ. नंदिता सरकार** के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष **डॉ. अनुराध दवे** निर्देशन में संपन्न हुआ | जिसके अतिथि वक्ता **डॉ. आनंद सिंह राना** (इतिहास विभागाध्यक्ष, श्री जानकीरमन कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर एवं वाईस प्रेसिडेंट, इतिहास संकलन समिति, महाकौशल जिला समन्वयक, NSS, जबलपुर) एवं डॉ. अखिलेश गुमास्ता (ओर्थोपेडिक सर्जन एवं निर्देशक, विराट एवं आदिशंकर अस्पताल, संगठक, अंतर्राष्ट्रीय रामायण कांफ्रेंस) रहे |

डॉ. आनंद सिंह राना ने इतिहास और विज्ञान के समन्वय के साथ 2047 के भारत का स्वरुप बताया एवं डॉ. अखिलेश गुमास्ता ने 2047 के सपनो के भारत को विज्ञान एवं अध्यात्म से परिपूर्ण बताया |

उपरोक्त कार्यक्रम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शैलबाला सिंघई, डॉ. रजनी निगम, डॉ. विजया कौशल श्रीवास्तव, डॉ. रचना पांडे, डॉ. गीता चौबे, श्रीमती दीपा बंसल एवं डॉ. प्रनिता भटेले, डॉ. रिचा गुमास्ता, श्री विनोद लोधी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. मनीषा राठी, कु. गायत्री रजक सुधीर सिंह चंदेल का सहयोग रहा | इस कार्यक्रम में प्राध्यापक, विभाग के सदस्य एवं स्नातकोतर की समस्त छात्राऐ उपस्थित रही |

उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. **प्रनिता भटेले** एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती **दीपा बंसल** द्वारा किया गया |

विभागाध्यक्ष    प्राचार्य

डॉ. अनुराधा दवे    डॉ. नंदिता सरकार

Head of The Deptt.
Deptt. of Botany
Govt. Auto. M.H. College of
Home Sc. & Science
Jabalpur

प्राचार्य
शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान
महिला महाविद्यालय, जबलपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठी में दिनांक 24.01.2023 को ''स्वतंत्रता का संघर्ष एवं उसका देशव्यापी स्वरूप'' विषय पर भाषा विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में श्री राघवेन्द्र शुक्ल, विभाग समन्वयक, विद्या भारती, जबलपुर सरस्वती शिक्षा परिषद्, म.प्र. सदस्य–राष्ट्रीय शिक्षा नीति टास्क फोर्स म.प्र., भोपाल, संरक्षक–डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, अध्यक्ष– डॉ. नंदिता सरकार, प्राचार्य, संयोजन– प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आभा तिवारी एवं प्रो. वेदप्रकाश नारंग का विशेष उपस्थिति रही । मंच संचालन डॉ. दुर्गा मिश्रा द्वारा किया गया।

जिसमें लगभग 365 छात्राओं ने पंजीयन किया एवं 205 छात्राओं द्वारा गूगल फार्म पर फीडबैक दिया गया जिसमें 84 छात्राओं द्वारा वक्ता को उत्कृष्ट, 43 छात्राओं द्वारा श्रेष्ठ, 50 छात्राओं द्वारा सर्वश्रेष्ठ तथा 28 छात्राओं द्वारा सामान्य प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।




<u>प्रतिवेदन</u>

<u>''स्वतंत्रता का संघर्ष एवं उसका देशव्यापी स्वरूप''</u>

महोदय,

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज दिनांक 24.01.2023 को शा.मो.ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में ''स्वतंत्रता का संघर्ष एवं उसका देशव्यापी स्वरूप'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में श्री राघवेन्द्र शुक्ल, विभाग समन्वयक, विद्या भारती, जबलपुर सरस्वती शिक्षा परिषद्, म.प्र. सदस्य–राष्ट्रीय शिक्षा नीति टास्क फोर्स म.प्र., भोपाल द्वारा छात्राओं को स्वतंत्रता के संघर्ष के बारे में, बलिदानियों के बारे में एवं शिक्षा स्तर संबंधी विस्तार एवं बहुमूल्य जानकारी दी गई। संगोष्ठी का आयोजन डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग के संरक्षण एवं डॉ. नंदिता सरकार, प्राचार्य के मार्गदर्शन में संपना हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम से महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राएं लाभान्वित हुईं । मंच संचालन डॉ. दुर्गा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आभा तिवारी एवं प्रो. वेदप्रकाश नारंग का विशेष उपस्थिति रही रहा। आभार प्रदर्शन डॉ. साधना केशरवानी, प्रभारी आजादी का अमृत महोत्सव द्वारा किया गया। भाषा -विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.मंजू त्रिवेदी, डॉ. विनीता नंदा सहित डॉ. सारिका सिंघई, डॉ. कादंबिनी मिश्रा, श्रीमती शक्ति बबेले, सुश्री रीना रजक की उपस्थिति रही। नितिन कोष्टा एवं गोलू का विशेष सहयोग रहा।

24.01.2023

शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)


## आजादी का अमृत महोत्सव


## संगोष्ठी

## "स्वतंत्रता का संघर्ष एवं उसका देशव्यापी स्वरूप"

दिनांक 24.01.20  23 को संगोष्ठी





Govt. M. H. College of Home Science and Science for Women, Autonomous, Jabalpur (M. P.)
Website- www.gmhcollege.org.in Phone: 0761-2407326, 0761-4005716

Under The Umbrella Of

## Azadi Ka Amrit Mahotsav

## Department of Food & Nutrition Organizes

### Lecture On

### "शिक्षा में स्वतंत्रता की राष्टीय शिक्षा नीति 2020"

16th February 2023 12 Noon IST
Room No. 123

Our Expert
**Dr S.K. Dubey**
Professor of Physics,
Member, National Education Policy 2020-
Implementation Coordination Committee, M.P.

Dr Leela Bhalavi
Chief Patron
Additional Director,
Higher Education,
Jabalpur M.P.

Dr Nandita Sarkar
Patron
Principal,

Dr Smita Pathak
Convenor
Professor & Head of
the Department

Dr B. K. Singh
Coordinator IQAC

Organizing Committee
Mrs. Vishwashanti Parashar- Asst. Prof.
Mrs. Apoorva Soni- Asst. Prof.
Mrs. Vibha Shripal - Asst. Prof.
Ms. Anju Kainwar
Ms. Mahima Bairagi

---

परिशिष्ट – 06

शास मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हेतु प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | आहार एवं पोषण विभाग |
| 2 | संगोष्ठी का शीर्षक | शिक्षा में स्वतंत्रता की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 |
| 3 | आयोजन दिनांक एवं समय | 16/02/2023, 12:00 |
| 4 | आमंत्रित वक्ता विवरण | |
| | (A) प्रथम वक्ता नाम | डॉ. सुशील कु. दुबे |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | प्राध्यापक, 9424676837 |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | वक्ता द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्वतंत्र भारत की प्रथम शिक्षा नीति, एवं शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च करना, शिक्षा के प्रारूप मे बदलाव करके भारत को विकास की राह पर लाना। |
| | (B) द्वितीय वक्ता नाम | |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | — |
| 5 | कुल उपस्थिति | |
| | शैक्षणिक स्टाफ | 32 |
| | कार्यालयीन स्टाफ | 05 |
| | छात्राएं एस.सी | 15 |
| | एस.टी | 20 |
| | ओबीसी | 62 |
| | सामान्य | 35 |
| | कुल छात्राएं | |
| 6 | संगोष्ठी का टेकहोम संदेश | राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा के प्रारूप मे बदलाव करके भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप मे स्थापित करना। |
| 7 | संगोष्ठी से छात्राओं को लाभ | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संगोष्ठी से छात्राओं को मूल्य आधारित समावेशी शिक्षा के साथ, उनकी वैज्ञानिक सोच विकसित करना, एवं कौशल प्रशिक्षण के द्वारा वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। |

विभागाध्यक्ष

प्राचार्य

विभाग का नाम
आहार एवं पोषण विभाग

---

प्रति ,
संपादक
दैनिक भास्कर/पत्रिका/द हित्वाद/नई दुनिया/हरिभूमि/त्रिपुरी टाइम्स/
पीपुल्स समाचार/राज एक्सप्रेस/प्रदेश टुडे/डिजिटल मीडिया/यश भारत
जबलपुर

शास. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "शिक्षा में स्वतंत्रता की राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020" विषय पर दिनांक 16 फ़रवरी 2023 को व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसके विषय विशेषज्ञ उच्च शिक्षा विभाग , सतपुड़ा भवन, भोपाल से माननीय डॉ एस. के. दुबे, सदस्य ,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, इम्प्लीमेंटेशन कोर्डिनेशन कमिटी, भोपाल, द्वारा सारगर्भित व्याख्यान दिया । जिसमे विशेषज्ञ द्वारा " शिक्षा में स्वतंत्रता" को परिभाषित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विज़न ,समग्र एवं बहु विषयक शिक्षा ,वोकेशनल पाठ्यक्रम , छात्र एवं छात्राओं को मूल्य आधारित समावेशी शिक्षा के साथ उनकी वैज्ञानिक सोच को विकसित करना जिससे वे विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा कर सके एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओ पर प्रकाश डालते हुए पॉवर पॉइंट माध्यम से प्रस्तुतीकरण अत्यधिक आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया । उक्त गतिविधि प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ स्मिता पाठक तथा समिति प्रभारी डॉ साधना केशरवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई । गतिविधि के द्वारा महाविद्यालय के लगभग 32 प्राध्यापक तथा 142 छात्राये लाभान्वित हुई। गतिविधि के आयोजन में विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विश्वशांती पाराशर का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अपूर्वा सोनी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती विभा श्रीपाल द्वारा किया गया । गतिविधि में विभाग के सुश्री महिमा बैरागी एवं सुश्री अंजू कैनवार का सहयोग रहा।

विभागाध्यक्ष

---



शा. मो. ह.गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर
आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत
एक दिवसीय व्याख्यान
"स्वतंत्र भारत में प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा "

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक : 27 फरवरी 2023
दोपहर 12:00
स्थान : कक्ष क्रमांक 221

संरक्षिका
डॉ. लीला भलावी

प्राचार्य
डॉ. नंदिता सरकार

संयोजक
डॉ. निधि चौबे
विभागाध्यक्ष
गणित एवं कंप्यूटर विभाग

प्रमुख वक्ता
डॉ. स्मृति शुक्ला
प्राध्यापक (हिंदी)
शासकीय मानकुंवर बाई
कला एवं वाणिज्य
महाविद्यालय, जबलपुर
(म. प्र. )

कार्यकारी समिति
डॉ. के. एस भाटिया
डॉ. गीता श्रीवास्तव
डॉ. विजय कुमार खरे
डॉ. सुदीप्ता सान्याल
डॉ. कुसुमलता रजक

---

Govt. M. H. College of Home Science & Science for Women (Autonomous) Jabalpur (M.P.)
**Department of Mathematics & Computer**
**27th February 2023**
**आजादी का अमृतमहोत्सव**

रिपोर्ट
व्याख्यान
स्वतंत्र भारत में प्राचीन भारत की ज्ञान परम्परा




दिनांक 27 फरवरी 2023 को गणित एवं कम्प्यूटर विभाग में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतगर्त **स्वतंत्र भारत में प्राचीन भारत की ज्ञान परम्परा** विषय पर लेक्चर हॉल 221 में समय, दोपहर 12:30 बजे व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. स्मृति शुक्ला प्राध्यापक (हिन्दी), शास. मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय जबलपुर, अतिथि वक्ता थी। जिन्होनें प्राचीन भारत के कला, विज्ञान, एवं सांस्कृतिक ज्ञान परम्परा को विस्तृत रुप से छात्राओं के समक्ष रखा, तथा स्वतंत्र भारत में वर्तमान परिपेक्ष में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 220 छात्राएं उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी ने छात्राओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुदीप्ता सान्याल द्वारा किया गया।

**Dr. Sudipta Sanyal** 28/2/23
Professor Incharge

**Dr. Nidhi Choubey**
Head of the department

---






शारा मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासन के आदेशानुसार आयोजित होने वाली मासिक संगोष्ठियो हेतु

प्रतिवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग |
| 2 | संगोष्ठी का शीर्षक | भारत की एकात्मता एवं अखंडता |
| 3 | आयोजन दिनांक एवं समय | 08.04.2023 अपरान्ह 12:00 बजे |
| 4 | आमंत्रित वक्ता विवरण | |
| | (A) प्रथम वक्ता नाम | डॉ वंदना पांडे |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | प्राध्यापक गृह विज्ञान, चंचला बाई महिला महाविद्यालय जबलपुर 8839642006 |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | एकता व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है तथा एकता द्वारा भारतीय संस्कृति, सामाजिक व नैतिक गुणों का विकास होता है। एकता के प्रमुख क्षेत्र सांस्कृतिक धार्मिक, सामाजिक एकता, वैचारिक एकता है। सहिष्णुता हेतु प्रेरित होना आदि। |
| | (B) द्वितीय वक्ता नाम | — |
| | पदनाम/मो न/ईमेल | - |
| | वक्ता द्वारा सहमति के समय भेजा गया व्याख्यान का सार | — |
| 5 | कुल उपस्थिति | 77 |
| | शैक्षणिक स्टाफ | 11 |
| | कार्यालयीन स्टाफ | 03 |
| | छात्राएं एस.सी | 06 |
| | एस.टी | 04 |
| | ओबीसी | 37 |
| | सामान्य | 16 |
| | कुल छात्राएं | |
| 6 | संगोष्ठी का टेकहोम संदेश | अनेकता में एकता की भावना हेतु जागृत होंगे। सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को भलीभांति समझ सकेंगी। सहिष्णुता की ओर प्रेरित हो सकेंगे। |
| 7 | संगोष्ठी से छात्राओं को लाभ | नैतिक शिक्षा की प्राप्ती, एकजुट होकर कार्य करने की क्षमता का विकास, एवं व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ती। सभी के प्रति सम्मान एवं एकता का प्रदर्शन। |

विभागाध्यक्ष

डॉ. भावना शर्मा

विभाग का नाम

वस्त्र एवं तंतु विज्ञान

प्राचार्य

**प्राचार्य**

शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान

महिला महाविद्यालय, जबलपुर

## शासकीय मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/ 744 /स्था /2023

जबलपुर दिनांक 8-4-20.

प्रति,

अग्रणी महाविद्यालय
महाकौशल महाविद्यालय
जबलपुर

विषय – स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत "भारत की एकात्मता एवं अखंडता" विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम की रिपोर्ट बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासकीय मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर में स्वाधीनता (आजादी) के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 08/04/2023 को अपराह्न 12:00 बजे से "भारत की एकात्मता एवं अखंडता" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ डॉ वंदना पांडे (प्राध्यापक- गृह विज्ञान, चंचला बाई महिला महाविद्यालय जबलपुर द्वारा सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें अनेकता में ही एकता का उपयुक्त उदाहरण, एकता का व्यक्तित्व विकास में सहायक होना तथा एकता द्वारा भारतीय, सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक गुणों का विकास होता है। एकता के प्रमुख क्षेत्र सांस्कृतिक धार्मिक, सामाजिक एकता, वैचारिक एकता, व्यवसायिक एकता आदि का विस्तृत विवरण दिया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्राऐं एवं कर्मचारियों सहित लगभग 77 सदस्यों ने सहभागिता की।

उपरोक्त संगोष्ठी प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के संरक्षण में, अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ साधना केशरवानी एवं डॉ भावना शर्मा विभागाध्यक्ष (वस्त्र एवं तंतु विज्ञान) के मार्गदर्शन में, विभागीय सदस्य डॉ रीना भेरम (सहायक प्राध्यापक), सुश्री मंजू बरखाने (सहायक प्राध्यापक), डॉ रचना अग्रवाल (अतिथि विद्वान), श्रीमती अभिलाषा शिमला एवं कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न करवाई गई।

विभागाध्यक्ष 8/4/2023

डॉ भावना शर्मा


प्राचार्य


डॉ नंदिता सरकार


**प्राचार्य**

शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान

महिला महाविद्यालय, जबलपुर






विभागाध्यक्ष 8/4/23

डॉ भावना शर्मा

प्राचार्य

डॉ नंदिता सरकार

**प्राचार्य**

शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान

महिला महाविद्यालय, जबलपुर

# Session 2022-23 Azadi ka Amrit Mahotsav
# Media Coverage



पत्रिका
जबलपुर, शनिवार, 06 अगस्त, 2022

**पोस्टर में निखारा तिरंगा का स्वरूप**

कार्यक्रम में तिरंगे अभियान से जुड़ने का संदेश देतीं छात्राएं।

जबलपुर. शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने पोस्टर में तिरंगे के स्वरूप को निखारा, वहीं घर-घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। प्रथम पूजा परमार, द्वितीय मुस्कान जैन, तृतीय सोनम शुक्ला रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. साधना केशरवानी, समिति सदस्य डॉ. लीना राय, मंजू बरखाने का सहयोग रहा।

**हैंडलूम दिवस पर आयोजन**

जबलपुर. शासकीय होमसाइंस कॉलेज के टेक्सटाइल डिपार्टमेंट में शनिवार को दोपहर 12 बजे से नेशनल हैंडलूम दिवस पर आयोजन होगा। इस दौरान छात्राओं द्वारा तैयार की हुई ड्रेसेज का डिस्प्ले किया जाएगा।

नईदुनिया
जबलपुर, रविवार 07 अगस्त, 2022

**होमसाइंस कालेज में स्तनपान सप्ताह पर व्याख्यान**

कालेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि। ● सौजन्य कालेज

जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। आहार व पोषण विभाग द्वारा इसका संचालन किया गया।

शहर की प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. संगीता श्रीवास्तव ने स्तनपान के महत्व व मिल्क बैंक की अवधारणा पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। उनकी जिज्ञासाएं शांत की गईं। डा. श्रीवास्तव ने कहा कि मिल्क बैंक से बच्चों की आधारभूत पोषणिक आवश्यकता पूर्ण होगी। यह एक प्रभावी उपाय साबित होगा। 135 छात्राओं ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। गायनेकोलाजिस्ट डा.प्रज्ञा धीरावाणी ने छात्रों को इस वर्ष की स्तनपान सप्ताह की थीम स्टेप फार ब्रेस्टफीडिंग एजुकेट एंड सपोर्ट पर अहम जानकारी दी। प्राचार्य डा. नंदिता सरकार व विभागाध्यक्ष डा.स्मिता पाठक का मार्गदर्शन रहा। वरिष्ठतम प्राध्यापक डा.बृजलता दुबे मौजूद रहीं। विकेश राय, डा.योगेश शर्मा, मणि शर्मा, प्रेमलता विश्वकर्मा, ममता कुशवाहा, कीर्ति विश्वकर्मा का सहयोग रहा। डा.विश्वशांति पाराशर व आयशा ताहेरा खान ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। संचालन अपूर्वा सोनी व आभार प्रदर्शन चंद्रकांता मौर्य ने किया। (वि.)

दैनिक भास्कर
जबलपुर ,रविवार 7 अगस्त, 2022
bhaskarhindi.com

NEWS BRIEF

**मानव श्रृंखला में दिखा आजादी के 75 वर्षों का जश्न**

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना ओपन यूनिट एवं यू.टी.डी की इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान में शहर के विभिन्न स्थानों जैसे सार्वजनिक स्थान, कॉलेज, स्कूल व समस्त धार्मिक स्थलों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित है। सी क्रम में दल मेडिकल, देवताल से तिरंगा वाहन रैली प्रारंभ करते हुए गौतम जी की मढ़िया गढ़ा होते हुए आगाचौक से श्रीजानकीरमण महाविद्यालय पहुँचा। जहाँ अध्यक्ष डॉ. शरदचंद्र पालन, प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने स्वागत किया। जबलपुर कॉलेज ऑफ कंप्यूटर में प्राचार्य डॉ. संदीप माथुर, शासकीय होम साइंस महिला महाविद्यालय में डॉ. नंदिता सरकार व शास. मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधा मेहता और माता गुजरी महिला महाविद्यालय डॉ.संगीता झाम ने रैली का वेलकम किया। स्वागत के पश्चात सभी ने आजादी के 75 वर्षों का जश्न मनाते हुए मानव श्रृंखला के रूप में 75 का आकार बनाया।



दैनिक भास्कर
जबलपुर, सोमवार 08 अगस्त, 2022
bhaskarhindi.com

**उड़ीसा की संबलपुरी, आंधप्रदेश की पोचमपल्ली साड़ी ने दिल जीता**

सिटी रिपोर्टर,जबलपुर। उड़ीसा की संबलपुरी थी तो वहीं बोमकाई साड़ी ने भी दिल जीत लिया। आंध्रप्रदेश की पोचमपल्ली थी तो वहीं गुजराती पटोला साड़ी भी आकर्षण का केन्द्र रही। यह नजारा रहा होमसाइंस के वस्त्र एवं तंतु विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का, जहाँ विभिन्न प्रांत के बुनकरों द्वारा बनाई गई साड़ियों व सामग्री का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ.भावना शर्मा, मंजू बरखाने, डॉ.रचना अग्रवाल-आदि उपस्थित थीं। छात्राओं में पूजा परिहार, साक्षी सोनी, श्रेयांशी जैन, अजरा परवीन का सहयोग रहा।

**पर्यटन क्विज के लिए 12 अगस्त तक होगा पंजीयन**

जबलपुर | मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अवधि 12 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित थी। प्रतियोगिता 24 अगस्त को मॉडल स्कूल में होगी।

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, बुधवार, 10 अगस्त, 2022

**पोस्टर और स्लोगन में आज़ादी की कहानी**

जबलपुर. शासकीय होमसाइंस कॉलेज में पोस्टर और स्लोगन कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने आजादी की कहानी को पोस्टर में दर्शाया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. आभा तिवारी, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, श्रुति सिंह का सहयोग रहा।



पत्रिका
जबलपुर, रविवार, 14 अगस्त, 2022

**अनोखे तरीकों से मनाया आजादी का उत्सव**

# संस्कारधानी पर चढ़ा राष्ट्रप्रेम का रंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जबलपुर . आजादी के अमृत महोत्सव पर संस्कारधानी तिरंगामय हो गई। लोगों ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ घरों में तिरंगा झंडा फहराए। शनिवार को प्रतिष्ठानों के साथ ही शहर के प्रशासनिक भवनों में तिरंगा लहराया। ऐतिहासिक स्थल भी इस पर्व के गवाह बने। बरगी डैम, हनुमानताल तालाब, मदनमहल किला के अलावा जगह-जगह रैली का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने हाईकोर्ट चौराहा से इंदिरा मार्केट स्थित क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली। सम्भागीय बाल भवन के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली।

**दिव्यांगजनों ने दिया संदेश-** दिव्यांगजनों ने लोगों को घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने का संदेश दिया। कमानिया गेट से टॉउन हॉल गांधी भवन तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. ज़ितेंद्र जामदार, नि:शक्तजन आयुक्त मध्यप्रदेश संदीप रजक, शरद जैन, प्रभात साहू, कलेक्टर इलैयाराजा टी, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. सलोनी सिडाना, बलदीप सिंह मैनी शामिल हुए।

**मदन महल किले पर लहराया तिरंगा-** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से होम साइंस कॉलेज एवं मानकुंवर बाई कॉलेज के एनसीसी एवं एनएसएस की 90 छात्राओं के साथ होमसाइंस कॉलेज से ऐतिहासिक मदन महल किले तक वाहन रैली निकाली। रैली का शुभारम्भ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने हरी झंडी दिखाकर किया।

हर घर तिरंगा अभियान

हनुमानताल में तिरंगा यात्रा का आयोजन।

टिम्बर एसोसिएशन की रैली।

सम्बंधित खबरें देखने के लिए
स्कैन करें

**ओमती पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ निकाली तिरंगा रैली**

जबलपुर @ पत्रिका. ओमती पुलिस ने मॉडल हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ हर घर तिरंगा जागरुकता रैली निकाली। ओमती थाना प्रभारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव के साथ घंटाघर चौक से शुरू हुई रैली ने थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान तिरंगा लिए पुलिस अधिकारियों, जवानों और छात्रों ने लोगों को 15 अगस्त तक घर पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया।



नईदुनिया
जबलपुर, रविवार 14 अगस्त, 2022

किले पर एनसीसी और एनएसएस सदस्यों ने तिरंगा लहराया। ● नईदुनिया

**मदन महल में भी सांस्कृतिक आयोजन**

... कुमार सिंह, प्राचार्य होम साइंस कालेज डा. नंदिता सरकार, डा. लीना राय, डा. ज्योति जैन, डा. सपना चावला, डा. ज्योति जाट, डा. पृथा बनर्जी, डा. मंजू गुप्ता, डा. रीना भरम उपस्थित रहीं।

दोपहिया वाहन रैली में शामिल हुए कलेक्टर-एसपी और निगमायुक्त। ● नईदुनिया

**कलेक्टर-एसपी और कमिश्नर ने चलाई बाइक**

**दिव्यांगों ने निकाली तिरंगा-यात्रा : राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रदर्शित**

**स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद**

संभाग स्तरीय 'जरा याद उन्हें भी कर लो' कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। ● सौ. आयोजक

जबलपुर। आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय होमसाइंस कालेज में संभाग स्तरीय जरा याद उन्हें भी कर लो कार्यक्रम हुआ। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद्र जैन, ... जैन का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। ... सभी छात्राओं को आजादी का महात्व बताया। इस दौरान सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत वोटर आइडी कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डा. नंदिता सरकार ने छात्राओं को आजादी के महत्व को लेकर जानकारी दी। इस दौरान संभागायुक्त बी चंद्रशेखर, कलेक्टर इलैयाराजा टी, प्रदीप श्रीवास्तव, डा. सुलेखा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

जबलपुर, रविवार 28 अगस्त 2022 देशबन्धु



## होमसाइंस कॉलेज में मासिक संगोष्ठी

जबलपुर, देशबन्धु। शासकय होमसाइंस कॉलेज में मासिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नायक और बलिदानियों की कहानियों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त जिम्बाबे एवं बोत्सवाना सरकार दक्षिण अफ्रीका, इंजी. केसी जैन एवं डॉ. आनंद सिंह राणा ने जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. प्रभा द्विवेदी, डॉ. साधना केशरवानी मौजूद रहीं।

नईदुनिया
जबलपुर, मंगलवार 30 अगस्त, 2022

एक नजर में

### होमसाइंस कालेज में हुआ व्याख्यान

जबलपुर। शासकीय होमसाइंस कॉलेज जबलपुर में प्राणी शास्त्र एवं बायोटेक विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग एलपीयू पंजाब के प्रो. जयदीप दत्ता रहे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डा.आभा तिवारी के संरक्षण में प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष, डा.आभा जैन द्वारा आयोजित किया गया। प्रो.दत्ता ने समुद्री इको सिस्टम को लेकर जानकारी दी। संचालन डा.वर्षा जैन, वक्ता का परिचय डा.नम्रता श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन डा.नीतू सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा. रीता सोलंकी, डा.साधना केसरवानी, डा. सुजा सुकुमारन, डा.अजय द्विवेदी, चित्रा मरावी एवं श्रद्धा खापरे, अर्जुन शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। (वि.)

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, मंगलवार, 30 अगस्त, 2022

## रस्साकशी में दिखाया दम, अन्य खेलों में भी दर्ज की जीत



जबलपुर. शासकीय होमसाइंस कॉलेज में खेल दिवस के उपलक्ष्य में रस्साकशी के साथ अन्य खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, रिटायर्ड खेल अधिकारी बीके चंसोरिया, प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी, खेल अधिकारी क्रीड़ा अधिकारी गुणवंत सिंह, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. वृजलता दुबे, डॉ. अर्चना गुप्ता मौजूद रहे। सोमवार को कॉलेज के प्राणी शास्त्र एवं बायोटेक विभाग में व्याख्यान आयोजित हुई। प्रो. जॉयदीप दत्ता ने समुद्री इको सिस्टम पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. नम्रता श्रीवास्तव, डॉ. नीतू सोनी, डॉ. रीता सोलंकी, डॉ. साधना केसरवानी, डॉ. सुजा सुकुमारन का सहयोग रहा।

पत्रिका
जबलपुर, मंगलवार, 06 सितम्बर, 2022

amrut mahotsav शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आयोजन

## निबंध में झलकी 'स्वाधीनता के नायकों की कहानी'

पत्रिका plus रिपोर्टर



आयोजन में उपस्थित छात्राओं ने लिया हिस्सा।

जबलपुर. आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत छात्रों ने निबंध में स्वाधीनता के नायकों की कहानी का जिक्र किया। देश के लिए उनके द्वारा किए गए आंदोलनों और बलिदानों का उल्लेख भी निबंध में किया। सोमवार को शासकीय होमसाइंस कॉलेज में भाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस बीच छात्राओं ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर मेरे सपनों का भारत विषय पर विचार लिखे। प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभा श्रीवास्तव, द्वितीय मेघा कोष्टा, तृतीय रहीं। शिक्षक दिवस के मौके पर कॉलेज की छात्राओं को सुपर थर्टी मूवी दिखाई गई। आयोजन में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश नारंग, डॉ. विनीता नंदा, डॉ. कादम्बिनी मिश्रा, डॉ. सारिका सिरपई, डॉ. दुर्गा मिश्रा मौजूद रहीं।

जबलपुर, मंगलवार 06 सितंबर 2022 देशबन्धु

## शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शहर में हुए विविध आयोजन



जबलपुर, देशबन्धु। जीवन में शिक्षा आगे बढ़ने की प्रेरणा और सही शिक्षा देने वाले शिक्षकों के सम्मान में संस्कारधानी एकजुट हुई। शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विविध आयोजन हुए।

- मॉडल हाई स्कूल में कलेक्टर इलैया राजा टी द्वारा 70 शिक्षकों का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के माता-पिता जैसा स्नेह देकर पढ़ाने का हुनर आना चाहिए। इससे क्वालिटी एजुकेशन में इजाफा होगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त, पुरस्कृत और सीएम राइज प्राचार्यों सहित शिक्षकों को सम्मानित किया। मॉडल स्कूल के पूर्व शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ईश्वरी प्रसाद तिवारी को आदर्श शिक्षक एवं समाज के लिए समर्पित शिक्षक के रूप में चुना गया। डीईओ घनश्याम सोनी मौजूद थे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. सलोनी सिडाना, मनीष स्थापक, केके चौबे, बीईओ सुधीर उपाध्याय, प्राचार्य मुकेश तिवारी, सीमा मिश्रा, गिरीश [illegible] का सहयोग रहा।

- जबलपुर महोदय स्कूल [illegible] के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सेंट जोसेफ स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित [illegible]। मुख्य अतिथि एसएम [illegible], विशिष्ट एसपी सिंह थे। विशिष्ट अतिथि डीइओ घनश्याम सोनी थे। समारोह में मुकेश कुमार सोनी, स्वाति तिवारी, रेनू नायक, अजय कुमार मांझी, रेखा सहाय को टीचिंग मैथड और इनोवेशन के लिए सम्मानित किया। सिस्टर नव्या मैथ्यू, ग्रुप कार्यकारिणी अध्यक्ष अपर्णा चौबे, सचिव मनोष स्वामी, कोषाध्यक्ष सीबी जोसेफ, समन्वयक डॉ. राजेश चंदेल मौजूद थे।

- श्रीगुरुनानक कॉलेज में शिक्षकों ने विभिन्न प्रांतों की पोशाक पहनकर एकता का परिचय दिया। इस मौके पर अध्यक्ष जीएस बांगा, सचिव जसप्रीत सिंह आहूजा, रविंदर सिंह दुआ, प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी उपस्थित रहीं।

- शासकीय मानकुंवर कॉलेज में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग की अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग डॉ. लीला भलावी रहीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. सुधा मेहता, डॉ. आरएन श्रीवास्तव, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

- शासकीय विज्ञान कॉलेज में 2एमपी गर्ल्स बटालियन के कैडेट्स द्वारा शिक्षक की भूमिका विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. पुष्पराज चौधरी, डॉ. प्रतीक्षा गौर, डॉ. उषा मसराम, डॉ. मनोष शर्मा, एनसीसी प्रभारी डॉ. सुमन प्रभाकर, सीटीओ डॉ. समृद्धि परांजपे मौजूद थीं।

- रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर द्वारा जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक ईश्वरी प्रसाद तिवारी थे। इस मौके पर अध्यक्ष दीप कुमार मुखर्जी, पुनीत नपरा, लकी अरोरा, नितिन पालीवाल, प्रवीण रिछारिया जी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सरला धर, ज्योति चड्ढा, मधुलिका वाजपेयी, शिखा हांडा, डॉ कविता सिंह, सागरिका दासगुप्ता, जिया छगनी, एन के श्रीवास्तव, सपन थेगड़, गीता तिवारी आदि उपस्थित थीं। संस्था द्वारा स्कूल को एक वैन सौंपी गई।

- रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्सीलेंस द्वारा महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मयंक सिंह ठाकुर, सचिव पवन केसरवानी, कोषाध्यक्ष अनिल दुबे, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश बादशाह, अमित जैन, संकल्प जैन, डॉ. एमएलबी राव, इंजी. रामकृष्ण चौकसे उपस्थित थे।

- एपीएन स्कूल और कॉलेज में शिक्षकों का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को पहचान कर उस विद्यार्थी को ढालना चाहिए। कार्यक्रम में तुलसी दास, दविड, राजकुमार गुप्ता, अमरचन्द बावरिया, मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्या सोनल खरे, विधि कॉलेज प्राचार्य, निधि शुक्ला, अजय वर्मा, मनु श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

नईदुनिया
जबलपुर, मंगलवार 06 सितंबर, 2022

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शिक्षा के अक्षय-कोष से सींचकर विद्यार्थी-जीवन को ऊर्जामय बनाने वाले शिक्षकों का सम्मान हुआ। अवसर था-शिक्षक दिवस का। संस्कारधानी में जगह-जगह भूतपूर्व व वर्तमान छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति अहोभाव ज्ञापित किया। उनके प्रति कृतज्ञता अभिव्यक्त की। सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष शिक्षक-दिवस मनाने की परंपरा है, जिसे पूरी गरिमा के साथ आयोजित किया जाता है।

**होमसाइंस कालेज :** यहां छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए सुपर थर्टी मूवी का प्रदर्शन आडिटोरियम में किया गया। डा. नंदिता सरकार के निर्देशन में डा. किरण सिंह व रीना राय ने आयोजन को संवारा। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता भी रखी गई। डा.साधना केशरवानी का मार्गदर्शन रहा। वेद प्रकाश नारंग, डा. विनीता नंदा, डा. सारिका सिरपई, डा. कादंबरी मिश्रा, दुर्गा मिश्रा मौजूद रहे। प्रतिभा श्रीवास्तव, मेघा कोष्टा, प्रियंका खटीक को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला।

**रोटरी क्लब आफ जबलपुर :** रोटरी आहूजा परिसर में जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट फार स्पेशल चिल्ड्रन के शिक्षक व क्लब सदस्य या उनके परिवार के जो शिक्षक हैं, व अन्य शालाओं के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक ईश्वरी प्रसाद तिवारी मौजूद रहे। संचालन अध्यक्ष दीप कुमार मुखर्जी ने किया।

जबलपुर, बुधवार 07 सितम्बर 2022 देशबन्धु

## स्वतंत्र भारत की कहानी से बुलंद हुई आवाज



जबलपुर, देशबन्धु। आजादी के नायकों का जीवनभर नमन जरूरी है, क्योंकि ये वे बलिदानी हैं जिनके कारण हम आजाद भारत के रहवासी कहलाते हैं। भाषण प्रतियोगिता में आजादी के नायकों की ऐसी ही कहानियों को सुनाकर छात्राओं आवाज बुलंद की। शासकीय होमसाइंस कॉलेज के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अमृत महोत्सव को समर्पित आयोजन में छात्राओं ने आजाद भारत के साथ चिकित्सा, अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले बदलावों पर भी भाषण दिया। प्रथम श्रुति शुक्ला, द्वितीय मोनिका तिवारी, तृतीय तान्या वर्मा रहीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा गौतम जौहरी, डॉ. नंदलाल पटेल, डॉ. रश्मि झा, डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. ममता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, बुधवार, 07 सितंबर, 2022

amrut mahotsav शासकीय होमसाइंस कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

## संवादों में स्वतंत्रता की कहानी, भाषण में बुलंद आवाज

पत्रिका plus रिपोर्टर



जबलपुर. आजादी के नायकों का जीवनभर नमन जरूरी है, क्योंकि ये वे बलिदानी हैं जिनके कारण हम आजाद भारत के रहवासी कहलाते हैं। भाषण प्रतियोगिता में आजादी के नायकों की ऐसी ही कहानियों को सुनाकर छात्राओं आवाज बुलंद की। शासकीय होमसाइंस कॉलेज के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अमृत महोत्सव को समर्पित आयोजन में छात्राओं ने आजाद भारत के साथ चिकित्सा, अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले बदलावों पर भी भाषण दिया। प्रथम श्रुति शुक्ला, द्वितीय मोनिका तिवारी, तृतीय तान्या वर्मा रहीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा गौतम जौहरी, डॉ. नंदलाल पटेल, डॉ. रश्मि झा, डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. ममता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

पत्रिका
जबलपुर, गुरुवार 08 सितंबर, 2022

city events शासकीय होमसाइंस एवं महिला कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता

## कैनवास पर रेखांकित किए 'आजादी के नायक'

पत्रिका plus रिपोर्टर



कार्यक्रम के दौरान उम्दा चित्रों का चयन करते निर्णायक गण।



जबलपुर. छात्राओं ने कैनवास और ड्रॉइंग शीट पर आजादी के नायकों को रेखांकित किया। इन चित्रों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का संघर्ष और आंदोलन का देशव्यापी स्वरूप नजर आया। बुधवार को शासकीय होमसाइंस एवं महिला विज्ञान कॉलेज में अमृत महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। निर्णायक की भूमिका डॉ. वृजलता दुबे, नलिनी मिश्रा, डॉ. मंजू गुप्ता ने निभाई। प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जैन, डॉ. प्रभा द्विवेदी, डॉ. साधना केशरवानी, अपूर्वा सोनी, माधुरी रामटेके का सहयोग रहा।

### इन्होंने मारी बाजी

कार्यक्रम में प्रथम अंजलि उइके, द्वितीय नूर सबा, तृतीय आस्था तिवारी एमएससी तृतीय सेमेस्टर रहीं। प्रतियोगिता में छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022

## मंच पर गूंजी वीरांगना की दहाड़, मां भारती के जयकारों से गूंजा हॉल

पत्रिका plus रिपोर्टर



जबलपुर. मोर माटी, मोर जमीन, अकबर को न देन देहों...पर जाहों पर मां भारती पर कदम न रखन देहों... वीरांगना रानी दुर्गावती की दहाड़ जब मंच पर गूंजी तो समूचा हॉल मां भारती के जयकारों से गूंज उठा। झलकारी बाई, ज्योति बा फुले, रानी लक्ष्मी बाई, सरोजनी नायडू, बेगम हजरत महल के प्रसिद्ध नारों को सुनकर मौजूद जनसमूह में देशप्रेम का ओज पैदा हो गया। तालियों की गड़-गड़ाहट के बीच वंदे मातरम् के नारे भी पूरे समय लगते रहे। ये नजारा गुरुवार को होम साइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वाधीनता सैनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशियन में दिखा।

क्लोदिंग एंड टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के संयोजन में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नंदिता सरकार समेत प्रोफेसर व अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के विविध रूपों में तैयार छात्राओं ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। चाचा नेहरू, सुभाषचंद बोस, भगत सिंह, मैडम भीकाजी कामा समेत 21 स्वाधीनता संग्राम सेनानियों की वेशभूषा में तैयार छात्राओं ने मंच पर प्रस्तुति देकर आजादी के महत्व और आज नागरिकों की जिम्मेदारी से अवगत कराया। प्रतियोगिता में डॉ. अनुराधा दवे विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र विभाग, डॉ. अर्चना गुप्ता प्राध्यापक मानव विकास विभाग एवं डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी सह प्राध्यापक आहार एवं पोषण विभाग निर्णायक रहे। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, डॉ. रीना भैरम, मंजू बरखाने, डॉ. रचना अग्रवाल एवं आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. साधना केशरवानी समेत कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

# मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, जबलपुर, शुक्रवार 19 अगस्त 2022

## जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में अजितेश रहे प्रथम



जबलपुर। मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल म.प्र. के सहयोग से जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाकोशल कॉलेज में हुआ। ' मातृभाषा ( भारतीय भाषाओं ) में शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020' विषय पर हुई प्रतियोगिता में शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, प्राचार्य डॉ.ए.सी. तिवारी, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी के आतिथ्य में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम विजेता प्रतिभागी अजितेश लखेरा, शा.विज्ञान महाविद्यालय, द्वितीय मनजीत झारिया, शा. महाकोशल महाविद्यालय एवं तृतीय प्रियंका सिंह, शा. महाविद्यालय पनागर को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि सभी जिलों के जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम विजेता प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। निर्णायक डॉ. मीना केलर, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. बलिराम अहिरवार रहे।

पत्रिका patrika.com

जबलपुर, शुक्रवार, 19 अगस्त 2022

महाकोशल कॉलेज में आयोजन

## निबंध में समाहित किया नई शिक्षा नीति का सार



पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. शासकीय महाकोशल कॉलेज में मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी की स्वर्ण जयंती के मौके पर जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मातृभाषा में शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल का सहयोग रहा। मुख्य अतिथि डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग रहीं। प्राचार्य डॉ. एसी तिवारी, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने अतिथि भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रथम अजितेश लखेरा, द्वितीय मनजीत झारिया, तृतीय प्रियंका सिंह रहीं। प्रो. अरुण शुक्ला, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन, जबलपुर संभाग ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र अब संभाग स्तर पर सहभागिता करेंगे। निर्णायक की भूमिका डॉ. मीना केलर, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. बलराम अहिरवार ने निभाई। डॉ. टीआर नायडू, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. सुनील वाजपेयी, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. प्रतिमा दीक्षित, डॉ. मोनिका मसीह, डॉ. सलन जाट, डॉ. अर्चना नामदेव, डॉ. अपूर्वा सोनी उपस्थित थीं।

दैनिक भास्कर

जबलपुर ,रविवार 14 अगस्त, 2022

bhaskarhindi.com



■ होमसाइंस कॉलेज में 'जरा याद उन्हें भी कर लो' आजादी महोत्सव का आयोजन हुआ। संभाग स्तरीय कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी कोमलचंद जैन एवं राजीव जैन को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त संचालक डॉ.लीला भलावी ने वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त आयुक्त अरविंद यादव ने समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में 8 जिलों के 26 महाविद्यालय से प्राचार्य, नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। स्टूडेंट्स ने नाटिका, माइम, देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ.राजेन्द्र मिश्रा, डॉ.गिरीश वर्मा, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ.श्रद्धा तिवारी, साधना केशरवानी आदि की उपस्थिति रही।

■ जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से होम साइंस कॉलेज एवं मानकुंवर बाई कॉलेज में वाहन रैली निकाली गई। होम साइंस कॉलेज से ऐतिहासिक मदन महल किले तक वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने हरी झंडी दिखाकर किया।

The Hitavada

■ SUNDAY AUGUST 14, 2022

## NCC, NSS cadets hold vehicle rally

TO CREATE public awareness for Har Ghar Tiranga Abhiyan, the District Archeological, Tourism and Culture Council carried out a vehicle rally from Government Mohanlal Hargobinddas Home Science and Science College for Women to Madan Mahal Fort on Saturday.

A total of 90 NCC cadets and NSS volunteers from MH Home Science and Science College and Government Mankunwar Bai Art and Commerce College for Women enthusiastically participated in the vehicle rally carried out with the cooperation of Archeological Survey of India.

The vehicle rally flagged off by Mayor, Jagat Bahadur Singh, culminated at Madal Mahal Fort premises.

They also hosted the National Flag on the Fort.

The Tiranga Yatra and cultural activities were organised under the supervision of Coordinator, Deepti Thakur.

Eminents who present on this occasion included Chief Executive Officer, JATCC, Hemant Singh, Principal, MH Home Science and Science College, Dr. Nandita Sarkar, Dr. Leena Rai, Dr. Jyoti Jain, Dr. Sapna Chawla, Dr. Jyoti Jaat, Dr. Pritha Banerjee, Dr. Manju Gupta, Dr. Reena Bhairam and others.

नईदुनिया

जबलपुर, शुक्रवार 26 अगस्त, 2022

## बलिदानियों की शौर्यगाथा को किया याद



होमसाइंस कालेज में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित शिक्षक और विद्यार्थी। ● सौजन्य कालेज

- आजादी के बलिदानियों पर हुई संगोष्ठी
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नायक/बलिदानी पर संगोष्ठी होमसाइंस कालेज में आयोजित की गई। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े जबलपुर के महत्वपूर्ण सेनानियों के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता केसी जैन तथा जानकी रमन कालेज में इतिहास के प्राध्यापक डा. आनंद सिंह राणा मुख्य वक्ता रहे।

वक्ताओं ने बताया कि शहर के 100 से ज्यादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका थी। जैन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त डा. आनंद सिंह राणा ने बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में पहले बलिदानी राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह रहे, जिन्हें तोप से बांधकर उड़ा दिया गया।

स्थानीय रानी अवंती बाई पहली महिला बलिदानी नारी थीं, जिनका बलिदान रानी लक्ष्मीबाई से भी पहले है। रानी दुर्गावती जैसे विलक्षण प्रतिभा की धनी वीरांगना के बारे में उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। अगस्त क्रांति में शहीद गुलाब चंद पटेल का उल्लेख उन्होंने किया। 18 मार्च 1923 को झंडा सत्याग्रह के तहत टाउन हाल में सबसे पहले झंडा फहराया गया और इस संदर्भ में सुभद्रा कुमारी चौहान इत्यादि ने गिरफ्तारी भी दी। ऐसे कई गुमनाम चेहरे जो प्रकाश में नहीं थे उनके बारे में संगोष्ठी में विवरण दिया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डा. नंदिता सरकार के निर्देशन में यह संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का संचालन डा. ज्योति जैन द्वारा किया गया। डा. प्रभा द्विवेदी और कई छात्राओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अमृत महोत्सव प्रभारी डा. साधना केशरवानी द्वारा दिया गया।

The Hitavada

JABALPUR ■ Friday ■ August 26 ■ 2022

## Symposium on 'Contribution of Local Martyrs in Freedom Struggle' held



College staffers and students attending the symposium.

■ Staff Reporter

COMPLYING WITH the directions of Madhya Pradesh Government under *Azadi Ka Amrut Mahotsav*, a symposium on "Contribution Of Local Martyrs In Freedom Struggle" was organized at Government Mohanlal Hargovinddas Home Science and Science College for Women on Thursday.

Key speakers of the symposium were K.C Jain Retired Chief Engineer and Dr Anand Singh Rana Professor of History Jankiraman College. During the symposium, the invited guests highlighted the contribution of freedom fighters of Jabalpur in the freedom revolution.

KC Jain shared his views on Jain community in freedom struggle. He also mentioned about more than 150 freedom fighters of Jain community from Jabalpur city who fought for free of the country.

Similarly, Dr Rana mentioned about the brave martyrdom of various freedom revolutionaries including Raja Shankarshah, Raghunath Shah and Rani Avanti Bai. He also gave a brief on *Jhanda Satyagraha*.

Resource Management Department Head Dr Jyoti Jain convened the programme while Dr Prabha Dwivedi rendered special support and Amrut Mahotsav - Incharge Dr Sadhna Kesharwani extended vote of thanks. About 117 college students and 15 professors participated in this symposium.

bhaskarhindi.com

जबलपुर, शुक्रवार, 26 अगस्त 2022 . 04

## सुनाई स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की गाथा

जबलपुर। होम साइंस महाविद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नायक बालिदानी विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त इंजी. के.सी जैन एवं डॉ. आनंद सिंह राणा रहे। वक्ताओं ने राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह, रानी अवंती बाई, गुलाब चंद पटेल, सुभद्रा कुमार चौहान की गाथा बताते हुए जागरूक किया। इस दौरान जैन समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। निर्देशन प्राचार्य नंदिता सरकार ने किया।

**बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता 28 को**– जबलपुर। बुंदेली दिवस समारोह के अंतर्गत गुंजन कला सदन द्वारा सरदार एच. एस. चौपड़ा स्मृति बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता 28 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से दत्त मंदिर, गोलबाजार में आयोजित है।

**ग्रीन गणेश अभियान आज से**–एप्को द्वारा 26 से 29 अगस्त तक 4 दिवसीय ग्रीन गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आमजन को मिट्टी से गणेश मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दैनिक - भास्कर

जबलपुर . शनिवार, 27 अगस्त 2022

## सशक्त नारी पर हुआ क्विज

जबलपुर। होम साइंस कॉलेज के रवींद्र क्लब द्वारा महिला समानता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्याता डॉ.सपना चौहान ने महिला समानता की अवधारणा एवं वर्तमान में उनकी स्थिति पर विचार व्यक्त किए। सशक्त नारी से संबंधित क्विज भी हुआ। व्याख्यान में कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अर्चना गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ.आभा तिवारी आदि उपस्थित रहे। वहीं कॉलेज में प्रवेश उत्सव भी हुआ। शुभारंभ प्राचार्य नंदिता सरकार ने किया। डॉ. गीता शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी का सहयोग रहा।

The**Hitavada** JABALPUR ■ Thursday ■ September 15 ■ 2022

# 'Youth must realise value of creative freedom, it's role in nation-building'

■ Staff Reporter

"THE young generation must understand the value of creative independence and it's role in the process of nation building. As Mother and Motherland have no alternatives hence we need to minutely explore Indian history to dig-out the hidden truths," opined Dr Balmukund Pandey, Akhil Bhartiya Sangathan Mantri, Itihaas Sankalan Yojana, New Delhi.

Dr Pandey, who constantly works to highlight the factual and original picture of India's golden history on the basis of intensive researches and surveys, was invited as keynote speaker in the symposium conducted on the topic 'Srijnatmak Swatantrata ki Awdharna' by the Language Department at Government Mohanlal Hargovinddas Home Science and Science Women College on Wednesday marking 'Hindi Diwas'.



Dr Pandey delivering lecture on 'Srijnatmak Swatantrata ki Awdharna' on *Hindi Diwas*.

Principal, Dr Nandita Sarkar presided over the programme which was organised under the patronage of Dr Leela Bhalavi, Additional Director, Higher Education, Jabalpur Division. Special speaker Dr Alkesh Chaturvedi, Registrar, Sanchi University, mentioned that the present Education Policy has creativity, which will definitely pave way for nation building.

Both the speakers further showered lights on the significance and relevance of Hindi.

Dr Vineeta Nanda read the message dispatched by Vice-chancellor, Rani Durgavati University, Professor Kapil Dev Mishra .

Around 500 students attended the symposium which was organised with active support of Co-ordinator, Professor Rajendra Mishra, Convener, Professor Vedprakash Narang and others. College In-charge, *Azadi ka Amrit Mahotsav*, Dr Sadhana Kesharwani proposed a vote of thanks.

पत्रिका patrika.com

जबलपुर, गुरुवार, 15 सितम्बर, 2022



■ शासकीय होमसाइंस कॉलेज में सृजनात्मक स्वतंत्रता की अवधारणा विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संगठन मंत्री, इतिहास संकलन योजना, डॉ. बालमुकुंद पाण्डे थे। उन्होंने युवाओं को सृजनात्मक स्वतंत्रता के महत्व पर चर्चा की। आयोजन में विशिष्ट वक्ता डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, प्रो. राजेन्द्र मिश्र, संयोजक प्रो. वेद प्रकाश नारंग मौजूद थे।

जबलपुर, मंगलवार 13 सितंबर 2022 देशबन्धु

# आजादी के नायकों की रंगोली से उकेरी तस्वीर

## शासकीय होमसाइंस कॉलेज में छात्राओं की रही सहभागिता

जबलपुर, देशबन्धु। रंगोली के जरिए छात्राओं ने फर्श पर आजादी के नायकों की तस्वीरों को उकेरा। इसमें जहां स्वतंत्र भारत का नजारा दिखा, वहीं आत्मनिर्भरता की बदलती कहानी भी नजर आई। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आहार एवं पोषण विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने स्वतंत्र भारत और आत्मनिर्भर भारत विषय पर रंगोली बनाई।

**इन्हें मिले पुरस्कार**- कार्यक्रम में प्रथम अदिति ठाकुर, द्वितीय पूजा परिहार, तृतीय सृष्टि जैन रहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार, डॉ. विनीता नंदा , डॉ. भावना शर्मा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. बृजलता दुबे, डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. रीता सोलंकी, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, समन्वयक डॉ. साधना केशरवानी का सहयोग रहा।



पत्रिका patrika.com

जबलपुर, मंगलवार, 13 सितम्बर, 2022

amrut mahotsav

शासकीय होमसाइंस कॉलेज में छात्राओं की रही सहभागिता

# रंगोली से उकेरी आजादी के नायकों की तस्वीर




होमसाइंस कॉलेज में छात्रा द्वारा देश की महान हस्तियों का चित्र रंगोली के जरिए बनाया गया।

पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. रंगोली के जरिए छात्राओं ने फर्श पर आजादी के नायकों की तस्वीरों को उकेरा। इसमें जहां स्वतंत्र भारत का नजारा दिखा, वहीं आत्मनिर्भरता की बदलती कहानी भी नजर आई। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आहार एवं पोषण विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने 'स्वतंत्र भारत और आत्मनिर्भर भारत' विषय पर रंगोली बनाई।

**इन्हें मिले पुरस्कार** - कार्यक्रम में प्रथम अदिति ठाकुर, द्वितीय पूजा परिहार, तृतीय सृष्टि जैन रहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. विनीता नंदा , डॉ. भावना शर्मा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. बृजलता दुबे, डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. रीता सोलंकी, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, समन्वयक डॉ. साधना केशरवानी का सहयोग रहा।



रंगोली में छाए आजादी के रंग

अन्य खबर के लिए स्कैन करें।

पत्रिका

जबलपुर, रविवार, 11 सितम्बर, 2022

amrut mahotsav

शासकीय होमसाइंस एवं महिला विज्ञान कॉलेज में प्रतियोगिता

# पोस्टर में दर्शाया स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों का संघर्ष




पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. पोस्टर के चित्रों में प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता का संघर्ष दिखाया। इन चित्रों में आजादी की कहानी दिखी, वहीं आंदोलनों की यात्रा भी नजर आई। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में शनिवार को मानव विकास विभाग के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटिशन आयोजित हुआ। छात्राओं ने पोस्टर में आजादी के नायकों का चित्रण किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. साधना केसरवानी, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा आर्य, श्रुति सिंह, कार्यक्रम प्रभारी माधुरी रामटेके मौजूद रहीं।



## इन्हें मिले पुरस्कार

प्रथम स्थान मुस्कान जैन, द्वितीय सोनम शुक्ला, तृतीय आस्था तिवारी को पुरस्कार मिले।

जबलपुर, रविवार 11 सितंबर 2022 देशबन्धु

# पोस्टरों में दर्शाया स्वतंत्रता का संघर्ष

जबलपुर, देशबन्धु। पोस्टर के चित्रों में प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता का संघर्ष दिखाया। इन चित्रों में आजादी की कहानी दिखी, वहीं आंदोलनों की यात्रा भी नजर आई। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में शनिवार को मानव विकास विभाग के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटिशन आयोजित हुआ। छात्राओं ने पोस्टर में आजादी के नायकों का चित्रण किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. साधना केसरवानी, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा आर्य, श्रुति सिंह, कार्यक्रम प्रभारी माधुरी रामटेके मौजूद रहीं।



अभिव्यक्ति

दैनिक भास्कर, जबलपुर, शुक्रवार, 30 सितंबर 2022

# दिव्या, आरती और शिल्पा बनीं विजेता

सिटी रिपोर्टर,जबलपुर। जहाँ एक ओर मंच पर रानी लक्ष्मी बाई दिखीं तो वहीं सुभाषचन्द्र बोस, चन्द्रशेखर आजाद से लेकर भगत सिंह भी की वेशभूषा में भी स्टूडेंट्स नजर आए। यह अवसर रहा होमसाइंस कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विविध वेशभूषा प्रतियोगिता का। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उक्त आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक डॉ.लीला भलावी, प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार का मार्गदर्शन रहा। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वेश में तैयार होकर गर्ल्स मंच पर आईं, जिनमें देवी अहिल्या बाई, देवी अवंती बाई, रानी दुर्गावती, सरोजनी नायडू जैसी कई महान हस्तियों के जीवन को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर संभागीय संयोजक डॉ.सुनील वाजपेयी, सहसंयोजिका डॉ. सुलेखा मिश्रा, जिला प्रभारी डॉ.शुभांगी भगट, प्रभारी डॉ.साधना केशरवानी की मौजूदगी रही।

**ये रहे विजेता...** | प्रथम - दिव्या उपाध्याय, हितकारिणी महाविद्यालय, सेकेंड आरती चढ़ार, महाकोशल कॉलेज, तृतीय- शिल्पा बर्मन, चंचलबाई कॉलेज।

bhaskarhindi.com

जबलपुर, मंगलवार, 4 अक्टूबर 2022 . 04

# पारम्परिक परिधानों में आईं छात्राएँ

जबलपुर। रंगबिरंगे परिधानों में आईं छात्राओं ने जमकर गरबा किया। अवसर था होम साइंस कॉलेज में आयोजित गरबा महोत्सव का। जहाँ छात्राओं ने बेस्ट डांस, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट हेयर स्टाइल और मिस एक्सप्रेशन का खिताब जीता। गरबे का आयोजन प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के निर्देशन में हुआ।



पत्रिका patrika.com
जबलपुर, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022

event शहर में 21 अक्टूबर को होगा आयोजन, कार्यक्रम रुपरेखा तय

# आठ जिलों के प्रतिभागी मनाएंगे 'आजादी का अमृत महोत्सव'

पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. आजादी का अमृत महोत्सव मनाने 21 अक्टूबर को संभाग स्तर पर 8 जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन के पूर्व शासकीय होमसाइंस कॉलेज में एक बैठक आयोजित हुई। निर्धारित रुपरेखा के अनुसार 12 विधाओं में प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन में जबलपुर सहित बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर और सिवनी के प्रतिभागी शामिल होंगे।



### यह प्रतियोगिताएं होंगी खास

आयोजन में गीत लेखन, कविता गायन, गीत गायन, कविता लेखन, निबंध लेखन, स्वाधीनता संग्राम सैनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली , प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की छोटी-बड़ी प्रेरक कहानियों से संबंधित आयोजन होंगे।

### चार कॉलेजों में आयोजन

आयोजन शहर के चार कॉलेजों में होगा, जिसमें शासकीय महाकोशल कॉलेज, शासकीय मानकुंवर कॉलेज, शासकीय साइंस कॉलेज और शासकीय होमसाइंस कॉलेज शामिल हैं। बैठक में मप्र उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग की अतिरिक्त संचालक डॉ. लीला भलावी, डॉ. एएल महोबिया, डॉ. एसी तिवारी, डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. रश्मि चौबे, क्षेत्रीय संचालक डॉ. सुलेखा मिश्रा, संभागीय सह समन्वयक राजेन्द्र मिश्रा, संयोजक डॉ. गिरीश वर्मा, सह संयोजक डॉ. आरएन श्रीवास्तव, संयोजक डॉ. बीएन त्रिपाठी, डॉ. साधना केशरवानी, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. स्मृति शुक्ला मौजूद रहीं।

दैनिक भास्कर
जबलपुर, मंगलवार, 18 अक्टूबर, 2022
bhaskarhindi.com

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में आठ जिले करेंगे सहभागिता

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 21 अक्टूबर को शहर के चार कॉलेजों में होंगी विभिन्न एक्टिविटीज़



जबलपुर। जहाँ एक ओर गीत-गायन और गीत लेखन में स्टूडेंट्स हुनर दिखाएँगे, तो वहीं दूसरी ओर फैंसी ड्रेस और पोस्टर में भी वे भाग लेंगे। उक्त जानकारी होमसाइंस कॉलेज में एक प्रेसवार्ता के दौरान दी गई। जानकारी में बताया गया कि 21 अक्टूबर को सुबह 12 बजे से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। संभाग के आठ जिले प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनेंगे। अतिरिक्त संचालक डॉ. लीला भलावी एवं संभागीय समन्वयक डॉ. सुनील बाजपेयी ने बताया कि उक्त संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन शहर के चार महाविद्यालय में होना है। प्रेसवार्ता में प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, प्राचार्य डॉ. एएसी तिवारी, प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, प्राचार्य डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. स्मृति शुक्ल आदि की उपस्थिति रही।

दैनिक भास्कर
जबलपुर, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022

# वक्त के साथ कदम मिला रही हिन्दी

जबलपुर। शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 'मातृभाषा का महत्व: हिन्दी भाषा के संदर्भ में' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में हिन्दी पाठ्यक्रम आना हम भारतीयों के लिए आत्म गौरव का विषय है। मुख्य वक्ता डॉ. अरुण मिश्र ने कहा कि हिन्दी निरंतर समय के साथ कदम ताल करते हुये आगे बढ़ रही है। प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी का मार्गदर्शन रहा। संयोजन प्रो. अरुण शुक्ल ने किया। ■ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में हिन्दी पाठ्यक्रम लागू किए जाने की उपलब्धि पर हिन्दी का महत्व बताया गया। संगोष्ठी संयोजक प्रो. एस. एस. संधू द्वारा मुख्य अतिथि प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा का स्वागत किया गया। प्रो. धीरेंद्र पाठक ने बताया कि हम सभी को अपनी मातृभाषा को किसी अन्य भाषा की तुलना में कमजोर नहीं समझना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. संजय श्रीवास्तव थे। वर्चुअल अध्यक्षता कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने की। ■ होम साइंस कॉलेज में 'हिन्दी में ज्ञान के प्रकाश' विषय पर संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार ने की। संयोजक प्रो. आर.के.मिश्रा, प्रो.वेद प्रकाश नारंग, डॉ. कादंबिनी मिश्रा की उपस्थिति रही। ■ शासकीय विज्ञान महाविद्यालय द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता राजेश पाठक , प्रतुल श्रीवास्तव और डॉ. कैरोलिन सैनी थे। प्राचार्य डॉ. तनूजा चौधरी का मार्गदर्शन रहा। ■ नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय के अधीन संचालित महाविद्यालयों द्वारा प्रदाय की जाने वाली शिक्षा में मातृभाषा हिन्दी का समावेश एवं महत्व विषय पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी थे। इस दौरान कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, निदेशक अनुसंधान डॉ. मधुस्वामी, डॉ. एस.एस. तोमर उपस्थित थे। ■ मेडिकल की पढ़ाई अब हिन्दी में होगी, इस गौरव से छात्रों को अवगत कराने शासकीय मानकुँवरबाई कॉलेज के हिन्दी भाषा विभाग में संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ. उषा दुबे थीं। प्राचार्य डॉ. रश्मि चौबे, विभागाध्यक्ष नीना उपाध्याय, डॉ. उषा कैली,डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. सविता तिवारी, डॉ. मोनिका बबेले,डॉ. सुनील दुबे की उपस्थिति रही।

पत्रिका
जबलपुर, रविवार, 16 रविवार, 2022

# माइम से समझाया मोबाइल का सीमित उपयोग करना



पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. मोबाइल लोगों के लिए लत बन चुका है। व्यक्तिगत की बजाय लोग आभासी दुनिया के होकर रह गए हैं। समय के साथ यदि इस दुनिया के बाहर नहीं आए, तो दुष्परिणाम खतरनाक होंगे। मोबाइल, सोशल मीडिया और इंटरनेट के ऐसे में उपयोग और आदतों से दूर रहने का संदेश युवाओं ने दिया। होमसाइंस कॉलेज में युवा उत्सव के अंतर्गत कॉलेज लेवल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान छात्राओं ने माइम, स्किट, मिमिक्री जैसी प्रतियोगिताओं में हुनर दिखाया।

जजमेंट डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. मंजू त्रिवेदी, सचिन चौधरी ने किया। वनस्पति विभाग द्वारा गायन प्रतियोगिता, गणित विभाग द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। समारोह में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. राजेश तिवारी, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. साधना केशरवानी, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. नलिनी मिश्रा का सहयोग रहा।

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, मंगलवार, 04 अक्टूबर 2022

amrut mahotsav

# आजादी के परवानों का निभाया किरदार, मंच से भरी नारों की हुंकार



पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. आजादी के नायकों के किरदार में छात्राएं नजर आईं। देश की स्वतंत्रता के लिए आजादी के परवानों द्वारा किए गए आंदोलन और घटनाओं का मंचन भी छात्राओं द्वारा किया गया। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय विविध वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन में छात्राओं ने लक्ष्मी बाई, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरोजनी नायडू, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती आदि के किरदारों को जीवंत किया।

### आगामी चरण के लिए इनका चयन

कार्यक्रम में प्रथम दिव्या उपाध्याय, द्वितीय आरती चक्रवर्ती, तृतीय शिल्पा बर्मन रहीं। मुख्य अतिथि मप्र उच्च शिक्षा विभाग की अतिरिक्त संचालक डॉ. लीला भलावी थीं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, संभागीय संयोजक डॉ. सुनील वाजपेयी, सह संयोजिका डॉ. सुलेखा मिश्रा, जिला प्रभारी डॉ. शुभांगी थ्रगट, डॉ. साधना केशरवानी उपस्थित थीं।

दैनिक भास्कर
जबलपुर, सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022
bhaskarhindi.com

# बास्केटबॉल: सेंट अलॉयसियस महाविद्यालय बना विजेता

जबलपुर। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता शासकीय होमसाइंस कॉलेज के द्वारा आयोजित की गई। इसमें सेंट अलॉयसियस कॉलेज ने फाइनल में यूटीडी को 2 अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इससे पूर्व खेले गए मैचों में सेंट अलॉयसियस ने शासकीय होमसाइंस कॉलेज को 36-28 से एवं यू टी डी ने श्रीराम कॉलेज को 40-32 से पराजित कर फाइनल प्रवेश किया।संस्था प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता खेल विशेषज्ञ विष्णु कुमार चंसौरिया के आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के उपरांत जिला जबलपुर टीम का चयन किया गया। आयोजन सचिव गुणवंत सिंह ने बताया कि चयनित जिला जबलपुर की टीम 14 अक्टूबर से रादुविवि में आयोजित संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता के निर्णायक अभिरूप, विश्वनाथ मेडरिक, सुशील शर्मा रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी हरीश दुबे, हेमंत सोनी, डॉ. ज्योति जाट, रोहेला पिल्ले, संजय का योगदान रहा।

पत्रिका patrika.com
जबलपुर, बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022

event गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में प्रतियोगिता

# नृत्य में सिलेक्शन, कॉलेज को करेंगे रिप्रजेंट



प्रस्तुति के बाद उपस्थित चयनित प्रतिभागी एवं अतिथिगण।

पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. जबलपुर. युवा उत्सव का उत्साह युवाओं में जमकर दिख रहा है। इस बीच अंतरकक्षा युवा उत्सव के अंतर्गत शासकीय होमसाइंस कॉलेज में एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एकल नृत्य शास्त्रीय की कैटेगरी में प्रथम अनम चौहान, द्वितीय इश्मित कौर और तृतीय साक्षी श्रीवास्तव रहीं। जजमेंट डॉ. बी नंदा, डॉ. बी श्रीवास्तव, डॉ. एस सिंह ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. प्रियंका पाराशर, डॉ. मनीषा जैन उपस्थित रहीं।

### रोजगार मेला

कब : 19 अक्टबर
समय: सुबह 10 बजे
कहां: मानस भवन
आयोजक: दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

### संभाग स्तरीय आयोजन

कब : 21 अक्टबर
समय: दोपहर 12 बजे
कहां: होमसाइंस एवं मानकुंवर कॉलेज
आयोजक: मप्र उच्च शिक्षा विभाग






जबलपुर, बुधवार 19 अक्टूबर 2022 देशबन्धु

# होमसाइंस कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिता

जबलपुर, देशबन्धु। युवा उत्सव का उत्साह युवाओं में जमकर दिख रहा है। इस बीच अंतरकक्षा युवा उत्सव के अंतर्गत शासकीय होमसाइंस कॉलेज में एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एकल नृत्य शास्त्रीय की कैटेगरी में प्रथम अनम चौहान, द्वितीय इश्मित कौर और तृतीय साक्षी श्रीवास्तव रहीं। जजमेंट डॉ. बी नंदा, डॉ. बी श्रीवास्तव, डॉ. एस सिंह ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. प्रियंका पाराशर, डॉ. मनीषा जैन उपस्थित रहीं।



**TheHitavada** JABALPUR ■ Thursday ■ October 20 ■ 2022

# GMHHSSWC conducts lecture to educate students about various technical topics

■ Adv Parag More from Mumbai High Court apprised the students about Patent Copyright, Intellectual Property Rights and various other technical aspects

■ Staff Reporter

TO UPDATE students about present need of Patent Copyrights, Intellectual Property Rights and other technical aspects, a one-day lecture series on the topic 'Intellectual Property Forms and Patent Drafting Requirements' was organised by the Department of Zoology and Biotech at Government Mohanlal Hargovinddas Home Science and Science Women College (GMHHSSWC) on Wednesday.

The event was organised under the patronage of Principal, Dr Nandita Sarkar during which Advocate Parag More from Mumbai High Court, was invited as keynote speaker.



Adv Parag More addressing the lecture series.

While briefing about the programme, organising In-charge, Dr Sadhana Kesharwani said that these copyrights and patent process can help a person to earn monetary profit from knowledge by protecting or securing their intellectual works.

The keynote speaker, More introduced the students about patent copyright, trademark and other concept in a very simple and interesting way.

The students and other research candidates asked their queries during interactive session. The event's theme was chosen under New Education Policy for the graduate, post-graduate and research students so that they can obtain knowledge in subjects other than their syllabus books.

Head of Department, Dr Rita Solanki proposed a vote of thanks. The event became a grand success with the support of Professor Dr Rashmi, Dr Tilottama Choudhary, Amrita Singh, Dr Namrata, Dr Varsha and others.

Later on, the Departmental Saleem Ali Club was inaugurated along with election of new office-bearers.

---

**दैनिक भास्कर**

जबलपुर, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022

## भूमि पूजन करेंगे उच्च शिक्षा मंत्री

जबलपुर। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव नगर प्रवास के दौरान शुक्रवार को सुबह 11 बजे होम साइंस कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे तथा विश्व बैंक परियोजना के तहत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में शाम 4 बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 4.15 बजे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे तथा वहां पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करने के बाद शाम 6 बजे वापस सर्किट हाउस रवाना होंगे। शाम 7.40 बजे डुमना एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे जहाँ से वे वायुयान द्वारा रात 8.40 बजे इंदौर प्रस्थान करेंगे। पी-3

---

bhaskarhindi.com

जबलपुर, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022 . 04

## भाषण एवं वाद विवाद में दिखाया हुनर

जबलपुर। होमसाइंस कॉलेज में युवा उत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर भाषा विभाग द्वारा भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति शुक्ला, द्वितीय मोनिका तिवारी, तृतीय स्थान असमां अर्शी ने प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में श्रुति शुक्ला, मोनिका तिवारी विजेता रहीं। कार्यक्रम में प्रो. वेद प्रकाश नारंग, प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. मंजू त्रिवेदी, विनीता नंदा, दुर्गा मिश्रा, सारिका सिंघई, डॉ. किरण सिंह आदि की उपस्थिति रही।

---

पत्रिका patrika.com

जबलपुर, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022

शासकीय होमसाइंस कॉलेज में युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजन

## वाद-विवाद में झलके तर्क-वितर्क, युवा हितों पर चर्चा

पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. महाविद्यालय स्तर पर जारी युवा उत्सव के अंतर्गत शासकीय होमसाइंस कॉलेज में भाषा विभाग द्वारा भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम श्रुति शुक्ला, द्वितीय मोनिका तिवारी, तृतीय अस्मा अर्शी रहीं। आयोजन में प्रो. वेद प्रकाश नारंग, प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. मंजू त्रिवेदी, डॉ. विनीता नंदा, डॉ. दुर्गा मिश्रा, शक्ति बघेले मौजूद थे।



प्रस्तुति के दौरान उपस्थित प्रतिभागी और निर्णायक।

**सम्भाग स्तरीय आयोजन**

तक- 21 अक्टूबर

समय- दोपहर 12 बजे

स्थान- होमसाइंस एवं मानकुंवर कॉलेज

आयोजक- म.प्र उच्च शिक्षा विभाग

---

जबलपुर, शुक्रवार 21 अक्टूबर 2022 **देशबन्धु**



## होमसाइंस कॉलेज में युवा उत्सव

जबलपुर, देशबन्धु। महाविद्यालय स्तर पर जारी युवा उत्सव के अंतर्गत शासकीय होमसाइंस कॉलेज में भाषा विभाग द्वारा भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम श्रुति शुक्ला, द्वितीय मोनिका तिवारी, तृतीय अस्मा अर्शी रहीं। आयोजन में प्रो. वेद प्रकाश नारंग, प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. मंजू त्रिवेदी, डॉ. विनीता नंदा, डॉ. दुर्गा मिश्रा, शक्ति बघेले मौजूद थे।

## आगमन

### उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव जबलपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होम साइंस कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे तथा विश्व बैंक परियोजना के तहत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में शाम 4 बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 4.15 बजे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे तथा वहां पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट करने के बाद शाम 6 बजे वापस सर्किट हाउस रवाना होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री शाम 7.40 बजे डुमना एयरपोर्ट के लिये रवाना होंगे जहाँ से वे वायुयान द्वारा रात 8.40 बजे इंदौर प्रस्थान करेंगे। उच्च शिक्षामंत्री डॉ. मोहन यादव का आज गुरुवार 20 अक्टूबर को रात 10 बजे टीकमगढ़ से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा।

---

**TheHitavada** JABALPUR ■ Friday ■ October 21 ■ 2022

## Minister Dr Yadav to lay stone for WB work today

■ Staff Reporter

STATE Higher Education Minister Dr Mohan Yadav will inaugurate the programme organised under Amrit Mahotsav at Home Science College at 11 am and will perform bhoomipujan of construction works under the World Bank project, on Friday. Yadav will reach Circuit House at 1 pm. Later, he will reach party office and meet party office-bearers and public representatives at 4.15 pm. The Higher Education Minister will leave for Indore by plane at 8.40 pm.

---

bhaskarhindi.com

जबलपुर, शनिवार, 22 अक्टूबर 2022 . 11

## हाथों में तलवार लेकर आईं महारानी लक्ष्मी [illegible]

होमसाइंस कॉलेज में संभाग स्तरीय आजादी का अमृत महोत्सव, कविता, निबंध, गीत और गायन में छात्र-छात्राओं ने दिखाया [illegible]





सिटी रिपोर्टर, जबलपुर। हाथों में तलवार लेकर आईं महारानी लक्ष्मी बाई तो कोई आदिवासी वेशभूषा में नजर आया। यह अवसर था होमसाइंस कॉलेज में आयोजित संभाग स्तरीय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का। जहाँ फैंसी ड्रेस, निबंध, कविता पाठन, गीत आदि में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव, विशिष्ट अतिथि कैंट क्षेत्र विधायक अशोक रोहाणी, विधायक विनय सक्सेना, रादुविवि कुलपति कपिलदेव मिश्र, कलेक्टर डॉ.इलैया राजा टी की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में 8 जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति और धरोहर को विश्व पटल पर स्थापित करना है। कार्यक्रम में अतिथियों डॉ.विशाल चौहान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद जैन, अतिरिक्त संचालक डॉ.लीला भलावी, प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार ने भी विचार व्यक्त किए।

ये रहे [illegible] गीत गायन में प्रथम कुल्पाहा [illegible] कॉलेज, [illegible] शिवानी [illegible] सिवनी, कविता [illegible] बघेले शा.[illegible] महाविद्यालय, नीरज कुमार [illegible] महा.छिंदवाड़ा, [illegible] विकास रहांगडाले [illegible] त्रिवेदी बालाघाट [illegible], उज्ज्वल ठाकुर [illegible] सिवनी, रंगोली में अनुष्का चौधरी साइंस कॉलेज, चित्रकला में सोनम सोनी शा.[illegible] पोस्टर में कोमल शर्मा मानकुंवरबाई कॉलेज, छोटी प्रेरक कहानियों में अंकिता दुबे [illegible] स्लीमनाबाद, बड़ी प्रेरक कहानियों में अमूल्य तिवारी सेंट अलॉयसियस महा., भाषण [illegible] डीपी चतुर्वेदी महा.सिवनी विजेता रहे। इस अवसर पर डॉ.सुलेखा मिश्रा, डॉ.[illegible] डॉ.एएल महोबिया, डॉ.एससी तिवारी, डॉ.रश्मि चौबे, डॉ.सुनील बाजपेयी, राजेन्द्र [illegible] वर्मा, डॉ.केएस भाटिया, डॉ.आर एन श्रीवास्तव, डॉ.बीएन त्रिपाठी आदि का योग [illegible]

---

दैनिक भास्कर, जबलपुर, शनिवार 22 अक्टूबर, 2022 | 6

**कॉलेज में किया भूमि पूजन**

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में होम साइंस कॉलेज में संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया तथा विश्व बैंक परियोजना के तहत 866 लाख रुपए से महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमल चंद जैन, विधायक अशोक रोहाणी, विनय सक्सेना, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, कुलपति डॉ. कपिल देव मिश्र उपस्थित थे।

---

पत्रिका patrika.com

जबलपुर, शनिवार, 22 अक्टूबर 2022

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

## देश में राष्ट्रभक्तों की खड़ी करनी होगी फौज



होमसाइंस कॉलेज में सम्बोधित करते मंत्री यादव।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

जबलपुर. देश को आजादी मुश्किलों से मिली है। कई महापुरुषों, देशभक्तों ने बलिदान दिया। अपनी आजादी को समग्र रूप से अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए हमें देश में राष्ट्रभक्तों की फौज खड़ी करनी होगी। यह बात प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को शासकीय होमसाइंस कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विविध प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

डॉ. यादव ने कहा कि देश अपने स्वाभिमान के साथ खड़ा होना चाहिए। विविध क्षेत्रों में अपने स्वाभिमान के साथ अपना जीवन भी जिएं और विश्व में मानवता का संदेश दें। इस दौरान उन्होंने विश्वबैंक परियोजना के तहत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं ओपन जिम का शुभारंभ किया।

### मानकुंवर कॉलेज पहुंचे मंत्री

मंत्री डॉ. यादव शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय भी पहुंचे। यहां कला प्रदर्शनी को देखा। प्राचार्य डॉ. रश्मी चौबे ने कॉलेज से जुड़ी गतिविधियों से अवगत कराया। कॉलेज के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. जेके गुजराल, ज्योति जाट की उपस्थिति में मंत्री यादव का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

---

पत्रिका patrika.com

जबलपुर, शनिवार, 22 अक्टूबर 2022

सम्भाग स्तर पर हुए आयोजन में शामिल हुए आठ जिले से आए प्रतिभागी

## अमृत महोत्सव में निखरी प्रतिभा रंगोली में शौर्य, पोस्टर में वीरों की गाथा

पत्रिका plus रिपोर्टर



होमसाइंस कॉलेज के मंच पर उपस्थित प्रतिभागी।

जबलपुर. आजादी के नायकों और उनके बलिदान को नमन करने के लिए प्रतिभागियों ने हर विधा में उत्साह दिखाया। इस दौरान जहां रंगोली में आजादी के रंग नजर आए, वहीं पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता में देश के वीर जवानों का शौर्य नजर आया। आयोजन में होमसाइंस कॉलेज में निबंध लेखन, कविता गायन, कविता लेखन, गीत लेखन, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता डॉ. साधना केशरवानी के संचालन में सम्पन्न हुईं। वहीं पोस्टर, चित्रकला, ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की छोटी-बड़ी प्रेरक कहानियों की प्रतियोगिताएं मानकुंवर कॉलेज में डॉ. सुलेखा मिश्रा के संचालन में सम्पन्न हुईं।



### 12 विधाओं में दिखाया युवाओं ने हुनर

आयोजन में शामिल होने संभाग से 8 जिलों के प्रतिभागियों ने 12 विधाओं में हुनर दिखाया। द्वितीय चरण में विजेताओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. एएल महोबिया, डॉ. एससी तिवारी, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. सुनील बाजपेयी, राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. केएस भाटिया, डॉ. आरएन श्रीवास्तव, डॉ. बीएन त्रिपाठी का सहयोग रहा।

### यह रहे परिणाम

**गीत गायन-** प्रथम कुल्पाहा, सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर

**निबंध लेखन-** शिवानी सनाढ्य- गवर्नमेंट कॉलेज, सिवनी

**कविता गायन-** मनोज बघेल- गवर्नमेंट पटेल कॉलेज, वारासिवनी

**कविता लेखन-** नीरज कुमार साहू- गवर्नमेंट कॉलेज, छिंदवाड़ा

**गीत लेखन-** विकास रहांगडाले- गवर्नमेंट कॉलेज, बालाघाट

**फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता-** उज्ज्वल ठाकुर, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, सिवनी

**रंगोली-** अनुष्का चौधरी- गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर

**चित्रकला-** सोनम सोनी- स्वामी विवेकानंद कॉलेज, स्लीमनाबाद

**पोस्टर-** कोमल शर्मा- मानकुंवर कॉलेज


---

**नईदुनिया**

जबलपुर, शनिवार 22 अक्टूबर, 2022

## युवाओं को आजादी के नायकों के बारे में बताएं

उच्च शिक्षा मंत्री ने होमसाइंस कालेज में प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया



आयोजन के दौरान संबोधन देते उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव। ● सौजन्य जनसंपर्क विभाग

जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नई पीढ़ी को आजादी के नायकों के बारे में अवगत कराने की महती जरूरत है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने शुक्रवार को यह विचार होम साइंस कालेज में आजादी का अमृत-महोत्सव के तहत आयोजित संभागस्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. यादव ने विश्व बैंक की परियोजना के तहत 866 लाख रुपये की लागत से महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डा. यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अलग-अलग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम की उस गौरव गाथा को आजादी के अमृत महोत्सव में नई पीढ़ी को अवगत कराने अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिससे वह अपने देश की गौरव गाथा से परिचित हो सकें। देश के अंदर विभिन्न क्षेत्रों में इस संबंध में स्वाभिमान जागे और लोग अपनी विशेषताओं को जानें। भारत के सशक्त लोकतंत्र के कारण ही उसकी दुनिया में एक अलग पहचान स्थापित हुई है। हमारी संस्कृति समरसता मूलक है, तभी तो कोरोना काल में जियो और जीने दो के सिद्धांत पर अनेक देशों में सहायता दी गई। हमारे कार्य, हमारी संस्कृति हमारे व्यवहार के संचालक हैं जो राष्ट्र हित व स्वाभिमान के साथ हमारी सांस्कृतिक विशेषताओं से हमारी पहचान बनाती हैं। इसे अमृत महोत्सव के दौरान नई पीढ़ी जाने-समझे। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं से जो परिणाम आएंगे वे देश के भविष्य होंगे। विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि चाहे कहीं भी हो अच्छे काम की तारीफ होनी चाहिए, आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में नई पीढ़ी को बताना होगा कि, स्वतंत्रता संग्राम की कहानी हम सब हिन्दुस्तानियों की है। आजादी के मतवाले आगे आएं और देश को आगे लेकर चलें। भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं का बड़ा योगदान होगा।

इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमल चंद जैन, रादुवि के कुलपति डा. कपिल देव मिश्र, कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी, विवि अनुदान आयोग के सदस्य डा. विश्वास चौहान, संयुक्त संचालक लीलावती भलावी व प्राचार्य सहित कालेज परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वतंत्र मत जबलपुर शनिवार 22 अक्टूबर 2022

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने किया संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# सांस्कृतिक विशेषताओं से है हमारी पहचान



जबलपुर।

[illegible]

The Hitavada JABALPUR ■ Tuesday ■ December 13 ■ 2022

# GMHHSSCW celebrates 'Bharatiya Bhasha Utsav'

■ Staff Reporter



Students depicting the culture of Bengal during the fancy dress competition.
(Pic by Anil Tiwari)

GOVERNMENT Mohanlal Hargovinddas Home Science and Science College for Women (GMHHSSCW) celebrated 'Bharatiya Bhasha Diwas' as 'Bharatiya Bhasha Utsav' by organizing a cultural programme at college campus on Monday.

Keynote Speaker on the occasion was Principal Dr Nandita Sarkar while Hindi Department Head Professor Ved Prakash Narang presided over the programme.

Dr Nandita Sarkar informed about diversity of languages India with phrasing India as 'Language Museum'. She also released a book of Dr Kadambini Mishra 'Hindi Sahitya-Rashtra Chetna Ke Swar', based on 'Ek Bharat-Shreshtha Bharat, Amrit Mahotsav'. Presiding over the event Professor Narang threw light on birth anniversary of Subramanyam Bharti and his knowledge of languages.

During the programme, around 70 participants performed classical dance and group dance with giving message of unity in diversity. On the occasion, a fancy dress competition was also organised in which participants represented different cultures of India. Dr Kadambini Mishra convened the programme while Dr Sarika Singhai from Hindi Department extended a vote of thanks. On the occasion, Professor Rajendra Mishra from Hindi Department, Dr Manju Trivedi, Head of English Department, Dr Vineeta Nanda along with more than 2,000 students, teaching and non-teaching staff rendered special support.

देशबन्धु जबलपुर, शनिवार 22 अक्टूबर 2022

# आजादी के अमृत महोत्सव में 8 जिलों के प्रतिभागी हुए शामिल

जबलपुर, देशबन्धु। आजादी के नायकों और उनके बलिदान को नमन करने के लिए प्रतिभागियों ने हर विधा में उत्साह दिखाया। इस दौरान जहां रंगोली में आजादी के रंग नजर आए, वहीं पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता में देश के वीर जवानों का शौर्य नजर आया। आयोजन में होमसाइंस कॉलेज में गीत गायन, निबंध लेखन, कविता गायन, कविता लेखन, गीत लेखन, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता डॉ. साधना केसरवानी के संचालन में सम्पन्न हुईं। वहीं पोस्टर, चित्रकला, रंगोली, भाषण और ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की छोटी-बड़ी प्रेरक कहानियों की प्रतियोगिताएं मानकुंवर कॉलेज में डॉ. सुलेखा मिश्रा के संचालन में सम्पन्न हुईं।

आठ जिलों की रही सहभागिता

आयोजन में शामिल होने संभाग से 8 जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान कुल 12 विधाओं का आयोजन हुआ, जहां हर विधा में एक जिले से एक प्रतिभागी की सहभागिता रही। द्वितीय चरण में विजेताओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. एल महोबिया, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ. [illegible] मिश्रा, डॉ. गिरीश शर्मा, डॉ. केएस भाटिया, डॉ. आरएन श्रीवास्तव, डॉ. [illegible]



ये रहे परिणाम-गीत गायन- प्रथम कुशवाहा, सेंट अलायसियस कॉलेज, जबलपुर, निबंध लेखन- शिवानी सनाढ्य- गवर्नमेंट कॉलेज, सिवनी, कविता गायन- मनोज बघेल- गवर्नमेंट पटेल कॉलेज, बारासिवनी, कविता लेखन- नीरज कुमार साहू- गवर्नमेंट कॉलेज, छिंदवाड़ा, गीत लेखन- विकास रहंगडाले- गवर्नमेंट कॉलेज, बालाघाट, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता- उन्नयन ठाकुर, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, सिवनी, रंगोली- अनुष्का चौधरी- गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर, चित्रकला- सोनम सोनी- स्वामी विवेकानंद कॉलेज, स्लीमनाबाद, पोस्टर- कोमल शर्मा- मानकुंवर कॉलेज, जबलपुर, छोटी प्रेरक कहानियाँ- अंकिता दुबे, स्वामी विवेकानंद कॉलेज, स्लीमनाबाद, बड़ी प्रेरक कहानियाँ- अमूल्य तिवारी- सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर, भाषण- आदित्य राज- डीपी कॉलेज सिवनी

दैनिक भास्कर • जबलपुर, बुधवार, 14 दिसंबर, 2022




## स्थानीय कलाकारों को मौका

■ इस स्ट्रीट में विभिन्न एक्टिविटीज हैं। अभी तक ऐसा आयोजन जबलपुर में नहीं हुआ। जहाँ स्थानीय कलाकारों को इतना तवज्जो दिया जा रहा है। यहाँ संस्कृति के विविध रंग भी दिख रहे हैं।

मूर्तिकार प्रहलाद

## नया प्रयास काफी सराहनीय है

■ फेस्ट की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी कम है। यहाँ सब कुछ है, कला के कई रंग दिख रहे हैं। नए कलाकारों को एक मौका मिल रहा है। कल्चरल स्ट्रीट की वैल्यू भी बढ़ गई है।

डॉ.भावना शर्मा, प्रो.होमसाइंस कॉलेज

## उत्साह और उमंग का संगम

■ उत्सवी रंग में रंगी है यह स्ट्रीट। लोगों के जीवन के लिए इस तरह की एक्टिविटी जरूरी है। अच्छा आइडिया है यह दैनिक भास्कर का। देखकर ऐसा लगा रहा जैसे यहाँ एक विशाल फेस्टिवल हो रहा है।

डॉ.अरुणा, प्रो.मानकुंवरबाई कॉलेज

bhaskarhindi.com
जबलपुर, शुक्रवार, 9 सितम्बर 2022 . 04

City भास्कर



# मंच पर नजर आए सुभाष चन्द्र बोस और रानी लक्ष्मीबाई...

## होमसाइंस कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हुईं प्रतियोगिताएँ

सिटी रिपोर्टर, जबलपुर। जहाँ एक ओर रानी लक्ष्मीबाई सा जोश छात्राओं में दिखाई दिया, तो वहीं चाचा नेहरू, सरोजनी नायडू, चन्द्रशेखर आजाद और सुभाष चन्द्र बोस की वेशभूषा में भी स्टूडेंट्स ने मंच पर प्रस्तुति दी। यह अवसर था होम साइंस कॉलेज में वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वाधीनता सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस कॉम्पिटीशन का। जहाँ छात्राओं ने मैडम भीकाजी कामा, सावित्री बाई फुले, बेगम हजरत महल, भगत सिंह आदि की वेशभूषा में उनके प्रसिद्ध नारे लगाए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार का मार्गदर्शन रहा। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, डॉ. रीना भैरम, मंजू बरखाने और डॉ. रचना अग्रवाल का मार्गदर्शन रहा। वहीं गणित एवं कंप्यूटर विभाग के द्वारा कविता लेखन एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. साधना केशरवानी के निर्देशन में गणित संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. निधि चौबे, डॉ. सुदीप्ता सन्याल, डॉ गीता श्रीवास्तव का सहयोग रहा। कविता लेखन में प्रथम सोनम शुक्ला, द्वितीय मुस्कान जैन एवं तृतीय वर्षा अहिरवार रहीं, गायन में प्रथम मोनिका तिवारी, द्वितीय तान्या वर्मा एवं तृतीय वैष्णवी दुबे रहीं।

### हुनर निखारते सांस्कृतिक आयोजन

जबलपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जेएनकेविवि में अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला अभिव्यक्ति - 2022 का समापन हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन कृषि के छात्र-छात्राओं के लिये बहुत ही उपयोगी, कौशल उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान डॉ. जी. के. कौतु, डॉ. दिनकर शर्मा, डॉ. अभिषेक शुक्ला, रेखा सिंह सिसोदिया, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. ए. के. सरावगी मंचासीन रहे।

## डायबिटीज जागरूकता उत्सव 24 को

जबलपुर। होमसाइंस कॉलेज में निःशुल्क डायबिटीज जागरूकता उत्सव का आयोजन 24 सितंबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक होगा। शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन 22 एवं 23 सितंबर को होंगे। शिविर में डायबिटीज विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, महिला रोग विशेषज्ञ के साथ ही आहार रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ देंगे। यहाँ डायबिटीज संबंधित अनूठी जानकारी दी जाएगी। साथ ही [illegible] भी आयोजित होगी।

जबलपुर, शुक्रवार 09 सितम्बर 2022 देशबन्धु

# गीत-गायन, लेखन प्रतियोगिता आयोजित

जबलपुर,देशबन्धु। आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्ष गांठ के उपलक्ष में शासकीय मो.ह.गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा गीत गायन गीत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का विषय था स्वतंत्रता का संघर्ष एवं इसका देशव्यापी स्वरूप जिसमें 30 छात्रों ने ऑनलाईन पंजीयन कराया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के संरक्षण एवं नोडल ऑफिसर डॉ साधना केशरवानी के मार्ग दर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अनुराधा दुबे, प्रभारी डॉ विजया श्रीवास्तव, समिति सदस्य डॉ. पायल श्रीवास्तव, डॉ. प्रेमशंकर साहू, सुश्री गायत्री रजक विभाग प्राध्यापक डॉ रजनी निगम डॉ प्रणिता भटेले, विनोद कुमार.लोधी के साथ लगभग 50 से अधिक छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में गीतगायन में प्रथम स्थान पर कु. देवांशी पाण्डे, द्वितीय स्थान पर कुमारी रिनी दोहरे, तृतीय स्थान पर कु. याशिका पटेल, इसी प्रकार गीत लेखन में कुमारी संवेदना जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया निर्णायक डॉ रीता सोलंकी, प्राध्यापक डॉ श्रुति सिंह, डॉ मनीषा आर्या रहे।





# स्वस्थ और ऊर्जावान युवा करेंगे, स्वर्णिम भारत का निर्माण





